राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

स्वतंत्र प्रभात मीडिया

जो लिखेगा, वही टिकेगा, वही दिखेगा

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia epaper.swatantraprabhat.com @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ, सोमवार 17 अगस्त 2026 | राजधानी लखनऊ से प्रकाशित | RNI No.: UPHIN/2019/79073

लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, असम, गाजियाबाद, प्रयागराज, अयोध्या, गोरखपुर, बुदेलखण्ड में प्रसारित। वर्ष 07, अंक 310, पृष्ठ 12, मूल्य : 03 रूपया


## समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## कार्यालय नगर पालिका परिषद पडरौना, जनपद-कुशीनगर



श्री नरेन्द्र मोदी जी
मा. प्रधानमंत्री, भारत सरकार



श्री विजय कुमार दूबे जी — मा. सांसद-कुशीनगर
श्री आरपीएन सिंह जी — मा. सांसद-राज्यसभा
श्री रतनपाल सिंह जी — मा. सदस्य, विधान परिषद
श्री मनीष जायसवाल जी — मा. विधायक- पडरौना
श्री दारा सिंह चौहान जी — मा. प्रभारी मंत्री, कुशीनगर
श्री अरविंद शर्मा जी — मा. नगर विकास मंत्री, उ.प्र. सरकार



परम पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज
मा. मुख्यमंत्री, उ. प्र. सरकार

विकास के पथ पर अग्रसर नगर पालिका परिषद पडरौना

हर घर तिरंगा

15TH AUGUST स्वतंत्रता दिवस

नगर पालिका परिषद पडरौना की तरफ से स्वतंत्रता दिवस, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं





नगर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए नवनिर्मित कूड़ा निस्तारण केन्द्र।



अमृत 2.0 योजना के अन्तर्गत नये छठ घाटों का निर्माण ।



जलकल परिसर में राहगीरों के लिए रेन बसेरा का निर्माण ।



महेन्द्र सिंह तंवर
जिलाधिकारी, कुशीनगर



ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज पुस्तकालय।



सार्वजनिक स्थानों पर चबूतरों का निर्माण व कुओं का जीर्णोद्धार।



वैभव मिश्रा
अपर जिलाधिकारी
कुशीनगर



नपा कार्यालय के प्रथम तल पर रानी लक्ष्मीबाई नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र।



निराश्रित गोवंशो के लिए कान्हा गोशाला ।

राजीव निगम
उपजिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी



विनय जायसवाल अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद पडरौना

### सम्मानित सभासदगण



1. रंजीता देवी 2. मालती 3. विश्वनाथ प्रताप सिंह 4. संजय 5. क्यामुद्दीन 6. बलवन्त 7. अंजू देवी 8. मैनुद्दीन 9. उषा 10. अंशु 11. प्रवीण 12. कमलावती 13. तबस्सुम जहां 14. सीता 15. गीता



16. सौरभ कुमार सिंह 17. अमानुल्लाह 18. प्रमोद कुमार श्रीवास्तव 19. एबादुल्लाह 20. संतोष 21. उत्तम कुमार चौहान 22. शहनाज 23. अविनाश 24. शारदा 25. बबलू

### सम्मानित मनोनित सभासदगण

धीरज पाठक, कुन्जबिहारी चौरसिया, प्रमोद साहा, प्रमिला शाही, मुन्नी तिवारी





विवेक दीक्षित
प्रधानाचार्य

IFFCO Wholly owned by Cooperatives — कोआपरेटिव रूरल डेवलपमेन्ट ट्रस्ट — CORDET

"इफको नैनो, उर्वरकों का अस्त्र,
दूसरी हरित क्रान्ति का मार्ग प्रशस्त"





मृदा परीक्षण, कृषक प्रशिक्षण तथा बहुमुखी ग्राम विकास,
पौध प्रवर्धन, जैव उर्वरक, बायोडिकम्पोजर व उन्नत कृषि।
शुद्ध दूध व शहद परिष्कृत, सदा सुलभ स्वादिष्ट अचार
कृषकों की तकनीकी सेवा में कोरडेट रहे सतत तैयार।।
किसानों की खुशहाली के लिए कोरडेट सतत प्रयासरत।
डा0 विवेक दीक्षित, प्रधानाचार्य, कोरडेट, फूलपुर, प्रयागराज

मोतीलाल नेहरू फारमर्स ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट, फूलपुर, प्रयागराज



## दि सेकसरिया बिसवाँ शुगर फैक्ट्री लिमिटेड, बिसवाँ (सीतापुर)

(आई0एस0ओ0 9001/2015, 14001/2015 एवं 22000/2018 द्वारा प्रमाणित संस्थान)

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस,
नागपंचमी एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

Producer of Double Refined Plantation Cane Sugar (DEFECO-Melt Phosphotation with IER) Ethanol and 32 MW Co&Generation Power

मृदा परीक्षण अवश्य करायें, संस्तुति के आधार पर उर्वरक लगायें

- ट्रेन्च विधि से गन्ने की बुवाई करायें, सह फसल के साथ दोहरा लाभ कमायें।
- पराली एवं गन्ने की पत्ती न जलायें, ट्रैश मल्चर से जुताई कर जैविक खाद बनायें।
- उन्नतशील प्रजाति को0-15023, को0-0118, को0 लख0-14201 एवं को0शा0-13235 तथा जलप्लावित क्षेत्र में को0शा0-13231 एवं को0-98014 को अपनायें।
- गन्ना प्रजाति को0-0238 (लाल सड़न रोग से ग्रसित) की बुवाई कदापि न करें।

(रमेश चन्द्र सिंघल)
मुख्य अधिशासी

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## विजय बहादुर यादव
प्रधान
प्रतिनिधि ग्राम पंचायत
घारीघाट विकास खण्ड

बभनजोत
गोण्डा

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## हरिशंकर सोनी
प्रधान
नरोराभर्रापुर ब्लॉक

इटियाथोक
गोण्डा

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## सोमेश्वर पांडे
प्रधान
शिवपुरिया ब्लॉक

इटियाथोक
गोण्डा




आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## राजेंद्र पांडे उर्फ लल्लू
प्रधान
बरेली विश्रामपुर ब्लॉक

इटियाथोक
गोण्डा

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## कन्हैया लाल दुबे
अवर अभियंता
विधुत उप वितरण केंद्र

घारी घाट
गोण्डा

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## गौरव सिंह
अध्यक्ष
सावी वेलफेयर सोसाइटी
लखनऊ


आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## नीरज मिश्रा
सचिव/प्रबंधक
सावी वेलफेयर सोसाइटी
लखनऊ


आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## हिमांशु वर्मा
युवा नेता
बछरावां रायबरेली


आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## बारिस राईन
अध्यक्ष
फल सब्जी यूनियन

कोंच,
जालौन

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## सुभाष पटेल
ब्लॉक अध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन

कोंच,
जालौन

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## शैलेन्द्र निरंजन बबले
अध्यक्ष एवं
दिनेश नामदेव मंत्री,
प्राथमिक शिक्षक संघ

ब्लॉक कोंच
जालौन


आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## डॉ० आलोक निरंजन,
नीमा अध्यक्ष,
आयुष्मान हॉस्पिटल
पिंकू निरंजन फुलैला
युवराज मेडिकल स्टोर

कोंच
जालौन


आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## गौरव तिवारी
सभासद प्रतिनिधि
मालवीय नगर दक्षिणी वार्ड

नंबर 2 कोंच
जालौन

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## आजादउद्दीन
सभासद,
आजाद नगर पूर्वी

वार्ड नंबर 20
कोंच, जालौन

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## रामबाबू निरंजन नरी
अध्यक्ष
भारत विकास परिषद कोंच
अर्चना निरंजन
लुक्स ब्यूटी पार्लर
रामगंज बाजार

कोंच,
जालौन


आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## हरिकिशोर पटेल
प्रधान प्रतिनिधि।
ममता देवी प्रधान,
ग्राम पंचायत सतोह
ब्लॉक कोंच, जालौन



आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल
उरई रोड कोंच जालौन
आदित्य पाण्डेय
प्रबंधक
आनंद पांडेय प्रधानाचार्य
ब्लॉक जालौन



आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## अंकुर यादव
प्रबंधक
सूरज ज्ञान ग्रुप ऑफ कॉलेज

कोंच
जालौन

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## अरविंद निरंजन
मुनिया बसोव,
नामित सभासद
नगर पालिका परिषद

कोंच जालौन

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## श्रीमती मीरा देवी
अध्यक्ष
शिवप्रसाद निरंजन (बब्बू मास्टर)
कोषाध्यक्ष- हरीमोहन निरंजन
प्रबंधक
एमएसडी मेमो. महाविद्यालय
तीतरा खलीलपुर, कोंच जालौन




आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## जय वीर वर्मा
ग्राम प्रधान
बिहारीपुर पीतम

राम ब्लॉक
भदपुरा
जिला बरेली

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## गंगाराम कोहली
ग्राम प्रधान
जवेदा जवेदी
विशाल दिक्षित
सचिव ब्लॉक
भदपुरा
बरेली



आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## मुकेश कुमार गंगवार
ग्राम प्रधान

किशनपुर
कुइया

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## मोहम्मद रफीक अहमद
ग्राम प्रधान
परसरामपुर ब्लॉक
भदपुरा बरेली


आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## भूमि विकास बैंक
क्यों लड़िया
कुंवर रविंदर सिंह राठौर
उपसभापति उत्तर प्रदेश

शाखा प्रबंधक
आसिम खां

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## एस.एस.टी. पब्लिक इंटर कालेज
क्यों लड़िया बरेली
सुरेंद्र वीर गंगवार
प्रबंधक
देवेंद्र कुमार गंगवार
प्रधानाचार्य



आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## शनि कुमार
ग्राम प्रधान

जासपुर ब्लॉक
भदपुरा बरेली

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## इतेंद्र पाल सिंह
तकनीकी सहायक
ब्लॉक भदपुरा
बरेली



एनटीपीसी NTPC
नॉर्थ करणपुरा
NORTH KARANPURA
एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा की ओर से
80वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
इको पार्क, चतरा में पर्यटकों की सुविधा हेतु 2 ई-कार्ट के लिए ₹13 लाख की वित्तीय सहायता
फाइलेरिया उन्मूलन में सहयोग, सीएचसी टंडवा जीर्णोद्धार व 8,000+ कंबल वितरण
भगवान बिरसा जैविक उद्यान में 2 सफेद बाघों का संरक्षण
590+ सोलर स्ट्रीट लाइटें व टंडवा में पेयजल एवं सड़क व्यवस्था
चतरा जिला प्रशासन के साथ MoA के तहत 25 आंगनवाड़ी केंद्रों हेतु ₹1.08 करोड़ की सहायता
राजकीय इटखोरी महोत्सव-2026 के आयोजन हेतु जिला प्रशासन को वित्तीय सहयोग
एनटीपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
एनटीपीसी नार्थ करणपुरा, जिला - टंडवा, चतरा - 825321 (झारखंड)


आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कृपानाथ मल्लाह
एमपी
सांसद (लोकसभा)
भारतीय जनता पार्टी
करीमगंज
असम।


80वें
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अपने भारत को
विकसित एवं सशक्त बनाएं।
जय हिन्द !
वंदे मातरम !!
कुमार गौरव
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी
पाकुड़


80वें
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अपने भारत को
विकसित एवं सशक्त बनाएं।
जय हिन्द !
वंदे मातरम !!
मुकुंद साहू
सांसद प्रतिनिधि
बरही विधानसभा


80वें
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
NYS INTERNATIONAL ACADEMY, BASARIYA, CHOUPARAN
80वें स्वतंत्रता दिवस
जय हिन्द
वंदे मातरम्
दीपशिखा मिश्रा
NYS INTERNATIONAL ACADEMY
BASARIYA, CHOUPARAN


80वें
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
अपने भारत को
विकसित एवं सशक्त बनाएं।
जय हिन्द!
वंदे मातरम !!
पिंकी देवी
मुखिया
चौपारण पंचायत


80वें
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
अपने भारत को
विकसित एवं सशक्त बनाएं।
इमरान खान
संचालक
दृष्टि आई हॉस्पिटल


80वें
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
अपने भारत को
विकसित एवं सशक्त बनाएं।
मनोज कुमार यादव
विधायक
बरही विधानसभा


80वें
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
अपने भारत को
विकसित एवं सशक्त बनाएं।
उमाशंकर अकेला
पूर्व विधायक
बरही विधानसभा


80वें
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज कुमार
थाना प्रभारी, चौपारण


80वाँ
भारतवर्ष के
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
पाकुड़िया प्रखंड के समस्त
सम्मानित जनता को
हार्दिक बधाई
एवं
अनंत शुभकामनाएँ।
प्रभात दास
ब्लॉक एकाउंटेंट मैनेजर,
सीएचसी पाकुड़िया


80वें
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
भारतवर्ष के 80वें
स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
पाकुड़िया प्रखंड के समस्त
सम्मानित जनता को
हार्दिक बधाई एवं
अनंत शुभकामनाएँ।
जय हिंद
वंदे मातरम
विश्वजीत दास
जिला बीस सूत्री सह समिति सदस्य
बनो ग्राम


80वां
भारतवर्ष के
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
पाकुड़िया प्रखंड के समस्त
सम्मानित जनता को
हार्दिक बधाई
एवं
अनंत शुभकामनाएँ।
गोपाल व गुड्डू भगत
माँ संतोषी स्टोन क्रेशर
अंगरगड़िया


80वाँ
भारतवर्ष के
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
पाकुड़िया प्रखंड के समस्त
सम्मानित जनता को
हार्दिक बधाई
एवं
अनंत शुभकामनाएँ।
ललिता टुडू
मुखिया, राजपोखर पंचायत


80वाँ
भारतवर्ष के
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
पाकुड़िया प्रखंड
के समस्त सम्मानित जनता को
हार्दिक बधाई
एवं
अनंत शुभकामनाएँ।
मनोज कुमार महतो
थाना प्रभारी
पाकुड़िया


80वाँ
भारतवर्ष के
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं अनंत शुभकामनाएँ
भारतवर्ष के 80वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पाकुड़िया प्रखंड के समस्त सम्मानित जनता को हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएँ।
लालू रविदास
कनीय अभियंता
पाकुड़िया


80वाँ
भारतवर्ष के
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
पाकुड़िया प्रखंड के समस्त सम्मानित जनता को
हार्दिक बधाई
एवं
अनंत शुभकामनाएँ।
रोहित कुमार
सहायक अभियंता, पाकुड़िया


80वें
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
भारतवर्ष के 80वें
स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
पाकुड़िया प्रखंड के समस्त
सम्मानित जनता को
हार्दिक बधाई एवं
अनंत शुभकामनाएँ।
जय हिन्द
वंदे मातरम
मोतीलाल हांसदा
प्रखण्ड बीस सूत्री सह
झामुमो अध्यक्ष


जय हिंद
वंदे मातरम्
80वें
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
भारतवर्ष के 80वें
स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
पाकुड़िया प्रखंड की समस्त
सम्मानित जनता को
हार्दिक बधाई एवं
अनंत शुभकामनाएँ।
तनवीर आलम
मुखिया
मोंगलाबांध पंचायत


80वें
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
भारतवर्ष के 80वें
स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
पाकुड़िया प्रखंड की समस्त
सम्मानित जनता को
हार्दिक बधाई एवं
अनंत शुभकामनाएँ।
जय हिंद
वंदे मातरम्
सुनीता सोरेन
मुखिया, पाकुड़िया पंचायत


80वां
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
भारतवर्ष के 80वें
स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर
पाकुड़िया प्रखंड के समस्त
सम्मानित जनता को
हार्दिक बधाई एवं
अनंत शुभकामनाएँ।
जय हिंद
वंदे मातरम्
सुभाष कुमार यादव
अंचल उपनिरीक्षक, पाकुड़िया


80वां
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिन्द !
वंदे मातरम !!
गौरव कुमार
थाना प्रभारी,
मुफस्सिल, पाकुड़

## कार्यालय
# नगर पालिका परिषद, मीरजापुर

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर



**श्याम सुंदर केशरी**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मीरजापुर



**नगर पालिका परिषद मीरजापुर नागरिकों से निम्नलिखित अपील करती है :-**

1. जल का संरक्षण करें एवं नल की टोटी खुली मत छोड़ें ।
2. पॉलीथीन एवं थर्माकोल का प्रयोग न करें, यह हानिकारक अपशिष्ट है ।
3. सफाई मित्र द्वारा कूड़ा उठाने एवं सफाई करने के पश्चात् कूड़ा न फेंकें ।
4. गीला कूड़ा हरे डस्टबिन एवं सूखा कूड़ा नीले डस्टबिन में डालें ।
5. अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग प्रदान करें ।
6. एक पेड़ माँ के नाम अवश्य लगाएँ ।
7. जन्म / मृत्यु का पंजीकरण समय से अवश्य करायें ।
8. सार्वजनिक रास्ता / भूमि पर अतिक्रमण न करें ।
9. खुले में शौच न करें, एवं घर में शौचालय का निर्माण करायें ।
10. गोवंश का संरक्षण करें, खुले में न छोड़ें ।
11. ऑनलाइन गृहकर जलकर जमा करने हेतु प्ले स्टोर से NDS ऐप डाउनलोड करें और घर बैठे मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन टैक्स का भुगतान करें ।
12. स्वच्छ सर्वेक्षण – 2026 में सहयोग करें ।
13. नगर पालिका से सम्बन्धित किसी भी शिकायय / सुझाव हेतु टोल फ्री नं. 1533 पर काल करें ।
14. सेटिक टैंक के सफाई हेतु टोल फ्री नं. 14420 पर काल करें ।

नागरिकों की सेवा में सतत तत्पर एवं कृत संकल्पित ।
**नगर विकास में सहयोग आपका प्रयास हमारा ।**

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं !
आइए, हम सब मिलकर देश को स्वच्छ, सुंदर, समृद्ध एवं विकसित बनाने का संकल्प लें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें ।
जय हिन्द ! वन्दे मातरम् !

माननीय सभासद
नगर पालिका परिषद
मीरजापुर

हमारा संकल्प
स्वच्छ, सुंदर, समृद्ध मीरजापुर

जी लाल
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मीरजापुर

स्वच्छ मीरजापुर – स्वस्थ मीरजापुर – सुंदर मीरजापुर

---

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# दीप प्रकाश शुक्ला



वरिष्ठ भाजपा नेता
विधानसभा सरेनी
डारेक्टर
चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल
लालगंज रायबरेली

---

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# राम भरोसे



एडवोकेट
समाज सेवी
गौरी सताव
पोस्ट मिश्र खेड़ा

---

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**श्याम इनफ्रा स्वराज टैक्टर एजेंसी**
लालगंज ड्रमंडगंज देवरी बाजार
हलिया मीरजापुर
प्रो० धिरज मिश्रा ऊर्फ बबलू मिश्रा



9971334137

---

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# कौशल गुप्ता

ग्राम प्रधान
ग्राम पचायत देवहट
ड्रमंडगंज विकास खण्ड



हलिया
मीरजापुर

---

समस्त राजनैतिक पार्टियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई इस आशाय के साथ कि पहले यहां लोकतंत्र स्थापित करें।

# राज बहादुर सिंह

इंजीनियर
**राजदीप**
प्रबंधक
महाविद्यालय
कैल्हट मिर्जापुर।।



---

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# अनेग सिंह

उप जिलाधिकारी चुनार
**इवेन्द्र कुमार**
तहसीलदार
चुनार मीरजापुर

---

आजादी की 80 वीं वर्षगांठ पर
सभी अभिभावकों, छात्रों व क्षेत्रवासियों को की हार्दिक शुभकामनाएं

ST. THOMAS PRAY FOR US



बलिदानियों की वीरगाथा
हमारी प्रेरणा है, तिरंगा हमारा गौरव एवं राष्ट्र की उन्नति हमारा संकल्प।
आइए देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए समर्पित रहने का संकल्प लें।



REV. FR. SANTOSH KUMAR
PRINCIPAL

AFFILIATION NO. : 2131548
SCHOOL CODE : 71112

**ST. THOMAS SCHOOL**
(A CO-ED. CBSE AFFILIATED 10+2 SCHOOL)
LOWER LINES, CHUNAR-MIRZAPUR (U.P.)

---

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# सुनील सिंह पटेल

राष्ट्रीय लोकदल
भदोही जिलाध्यक्ष



---

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# शैलेश कुमार पाण्डेय

प्रधानाचार्य



---

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# आशीष कुमार

ग्राम पंचायत
अधिकारी विकास
खंण्ड हलिया
मिर्जापुर



---

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# डा. वी. के. वर्मा

सामाजिक कार्यकर्ता
आयुष चिकित्साधिकारी,
जिला चिकित्सालय



बस्ती।

---

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# डॉ० पवन वर्मा

एमबीबीएस
प्रभारी चिकित्साधिकारी



बहादुरपुर
बस्ती

---

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# अशोक कुमार

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–बांसगांव
विकास खंड – हरैया



जनपद – बस्ती

---

सभी नगर वासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**बबलू पांडेय**
समाजसेवी
15 अगस्त
पता : अरेल देवरख, नैनी प्रयागराज
जय हिंद

---

**मानस रामलीला समिति**
की ओर से
सभी नगर वासियों को
स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं

धीरेंद्र यादव धीरू – अध्यक्ष
नयन कुमार कुशवाहा – महामंत्री
सतीश श्रीवास्तव – कोषाध्यक्ष
राजकुमार कुशवाहा – उप कोषाध्यक्ष

जय हिंद! जय भारत!

---

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# शैलेन्द्र दूबे

ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि
विकास खंड – बहादुरपुर



जनपद
बस्ती

---

15 अगस्त
जय हिन्द
सभी नगर वासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**ऋषभ चौरसिया**
डांस सेंटर मैनेजमेंट
पता : एडीए पाठक मार्केट नैनी प्रयागराज

---

**मानस रामलीला समिति**
की ओर से
सभी नगर वासियों को
स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं

धीरेंद्र यादव धीरू – अध्यक्ष
नयन कुमार कुशवाहा – महामंत्री
सतीश श्रीवास्तव – कोषाध्यक्ष
राजकुमार कुशवाहा – उप कोषाध्यक्ष

जय हिंद! जय भारत!

---

**ST. JOSEPH'S SENIOR SECONDARY SCHOOL**



15 AUGUST Independence DAY
WISH YOU ALL A
HAPPY INDEPENDENCE DAY 2026
Best Compliments From
PRINCIPAL, STAFF AND STUDENT'S

---

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# पवन कुमार

कैमरामैन
स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र



शुकुलबाजार
अमेठी

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्री शीतल प्रसाद इंटर कॉलेज

कोंसा रायबरेली



समार्थ गुप्ता
प्रबंधक



राजकुमार
प्रधानाचार्य



आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दीप प्रकाश शुक्ला

वरिष्ठ भाजपा नेता
विधानसभा सरेनी
डारेक्टर
चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल
लालगंज रायबरेली



आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राम भरोसे

एडवोकेट
समाज सेवी
गौरी सताव पोस्ट मिश्र खेड़ा
राय बरेली उत्तर प्रदेश



आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सत्येश गौतम (हाजीपुर)



राष्ट्रीय महासचिव
सपा अम्बेडकर वाहिनी
संस्थापकः अध्यक्ष
सर्वजन हिताय फाउंडेशन

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुभाष वर्मा

समाजसेवी
युवा नेता
मानपुर रायबरेली



SJS PUBLIC SCHOOL LALGANJ

Wishes You All
















आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सतगुरु हॉस्पिटल एंड
क्रिटिकल केयर सेंटर
डॉ. प्रताप सिंह



8299677874

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

चंद्रा नर्सिंग होम
डॉ. राजकुमार सिंह
शंकरगढ़ प्रयागराज।
मो0 9839853668



आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समीर बेग (सैफ)
प्रोफेसर
जे0 एस0 सिंह कालेज



8299570774







आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रामवीर सिंह



(प्रभारी प्रधानाध्यापक)
उच्च प्राथमिक विद्यालय
कचनरवा,
कोन, सोनभद्र

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अमरेंद्र कुमार प्रियदर्शी
ग्राम विकास अधिकारी



विकास खंड कोन,
जिला -सोनभद्र

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती रीता देवी
प्रधान
ग्राम पंचायत हरखड़ी
विकास खंड पचपेड़वा



जनपद
बलरामपुर

# मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने किया ध्वजारोहण, शहीदों को नमन

## राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंडलायुक्त लखनऊ विजय विश्वास पंत ने मंडलायुक्त कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगान के साथ देश की एकता और अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मंडलायुक्त ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों के त्याग और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश के महानायकों के संघर्ष और बलिदान का स्मरण कराने के साथ राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी असंख्य ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। स्वतंत्रता संग्राम में उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और प्रदेश की धरती ने अनेक क्रांतिकारियों एवं राष्ट्रभक्तों को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकारों का बोध नहीं कराती, बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाती है। सभी को स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनाने के लिए अपने दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन राधेश्याम, अपर आयुक्त न्यायिक दीप्ति देव यादव सहित मंडलायुक्त कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**मंडलायुत ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों के त्याग और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश के महानायकों के संघर्ष और बलिदान का स्मरण कराने के साथ राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी असंय ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। स्वतंत्रता संग्राम में उर प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और प्रदेश की धरती ने अनेक क्रांतिकारियों एवं राष्ट्रभतों को जन्म दिया।**

# सेंट पॉल्स कॉलेज में देशभक्ति के बीच मना स्वतंत्रता दिवस समारोह

## मार्च पास्ट और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** सेंट पॉल्स कॉलेज, लखनऊ में स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति, गौरव और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान के साथ हुई। मुख्य अतिथि कॉलेज के पूर्व छात्र लेफ्टिनेंट कर्नल सुशांत निगम का प्रधानाचार्य रेवरेन्ड फादर अनिल पार्कर ने स्वागत किया। समारोह में एलुमनी एसोसिएशन के सदस्यों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने सहभागिता की। समारोह का मुख्य आकर्षण नेहरू, अशोक, सुभाष और टैगोर हाउस के विद्यार्थियों का भव्य मार्च पास्ट रहा। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों और भाषणों के माध्यम से स्वतंत्रता, एकता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए शिक्षकगण एवं एक सहयोगी कर्मचारी को सम्मानित किया गया। शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रभात जैन मेमोरियल ट्रॉफी आईएससी परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अजितांश प्रताप सिंह, पंकज अवस्थी मेमोरियल ट्रॉफी आईसीएसई परीक्षा-2026 में शानदार उपलब्धि के लिए जानवी अग्रवाल को दी गई। वहीं 'जीनियस ऑफ द ईयर' ट्रॉफी श्रेया गुप्ता को प्रदान की गई। पुरस्कारों का वितरण मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल सुशांत निगम और सेंट पॉल्स एलुमनी एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आशीष यादव ने किया। इस दौरान विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'आर्मा लूसिस' का भी विमोचन किया गया। समारोह का समापन राष्ट्र के प्रति गर्व और कृतज्ञता की भावना के साथ हुआ। कार्यक्रम ने विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन, चरित्र निर्माण और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# डीपीएस प्रयागराज में देशभक्ति के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

## विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जगाया राष्ट्रप्रेम का जज्बा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), प्रयागराज में 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति, गर्व और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के अमर बलिदान को नमन किया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सुजाता सिंह और शैक्षणिक प्रमुख प्रवीण ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर किया।

तिरंगा फहराए जाने के बाद राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ शिक्षक ऋषि श्रीवास्तव ने आधुनिक और प्रगतिशील भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका एवं जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कक्षा 11-डी के छात्र राजन रॉय ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के ऐतिहासिक भाषण 'नियति से साक्षात्कार' की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इसके माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम के संघर्षों और वीर सेनानियों के बलिदान को याद किया। समारोह का समापन संगीत विभाग द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, धन्यवाद ज्ञापन और विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच मिठाई वितरण के साथ हुआ।

# हर घर तिरंगा का संदेश, विद्यार्थियों ने दिखाया देशभक्ति का जज्बा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से स्वतंत्रता दिवस एवं 'हर घर तिरंगा' विषय पर मिनी आईसीओपी कार्यक्रम तुलसी इंटरमीडिएट कॉलेज, बाबूगंज, जमेठी, कुंडा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन को स्वतंत्रता संग्राम के गौरवपूर्ण इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान तथा राष्ट्रध्वज के सम्मान और राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधक श्याम लाल वैश्य और प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम ओझा रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व प्रवक्ता ध्रुव प्रताप सिंह, पूर्व प्रवक्ता राम प्रकाश सिंह, पूर्व सहायक अध्यापक भारत लाल गुप्ता तथा सहायक अध्यापक एवं स्काउट जिला काउंसलर उमेश चन्द्र द्विवेदी शामिल रहे। श्याम लाल वैश्य ने स्वतंत्रता संग्राम में वीर सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए महात्मा गांधी सहित अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर प्रकाश डाला। ध्रुव प्रताप सिंह ने भारत की स्वतंत्रता की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और भारत छोड़ो आंदोलन की चर्चा करते हुए भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के योगदान को याद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संगोष्ठी, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता, समूह चर्चा, प्रश्नोत्तरी, सांस्कृतिक एवं कठपुतली कार्यक्रम के साथ रैली आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने सहयोग किया। केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रयागराज की ओर से नोडल अधिकारी बालमुकुन्द सिंह एवं कार्यालय सहायक सुनील कुमार ने समन्वय एवं व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और 'हर घर तिरंगा' के संदेश के साथ हुआ।

**कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन को स्वतंत्रता संग्राम के गौरवपूर्ण इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान तथा राष्ट्रध्वज के समान और राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के मुय अतिथि कॉलेज प्रबंधक श्याम लाल वैश्य और प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम ओझा रहे।**

# सहादतगंज उद्योग व्यापार मंडल द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** सहादतगंज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा सहादतगंज मैं सैकड़ो व्यापारियों व क्षेत्र वासियों द्वारा तिरंगा यात्रा का सफल आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा पंजाब नेशनल बैंक से होते हुए बड़े चौराहे तक निकाली गई। इस यात्रा में चेयरमैन गोपाल गुप्ता राधे-राधे संरक्षक, गज्जी निगम, पार्षद अनूप कमल सक्सेना, पुरुषोत्तम पुरी, सहादतगंज गंज व्यापार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ महामंत्री दीपक निगम, कोषाध्यक्ष सतीश नाग, संगठन मंत्री शिव शंकर गुप्ता, विधिक सलाहकार सुबोध गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष सरवन निगम, विवेक गुप्ता, गुड्डू भैया, अरुण निगोटिया, महामंत्री मनीष गुप्ता, मंत्री सुधीर गुप्ता, मुकेश गुप्ता, विनोद राजपूत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, मजदूर संघ से अजय गुप्ता उपाध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी, वरिष्ठ मंत्री सुमिल गुप्ता, दीपक साहू, मुकेश गुप्ता, संजय साहू, विभोर जैन, कार्तिक गुप्ता, सुरेश पीएनबी अमित, धनंजय, अमर पांडे, सौरभ शुक्ला आनंद गुप्ता, अजय वैश्य, अनूप गुप्ता आदि सैकड़ो छेत्रवासियों ने तिरंगा यात्रा में अपना योगदान देकर यात्रा को सफल बनाया।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं को बसों में तीन दिन मुफ्त यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सचिन बाजपेई**



**लखनऊ।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं को एक विशेष सौगात दी है। राज्य सरकार ने यूपीएसआरटीसी (उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम) की बसों में महिलाओं के लिए तीन दिन की मुफ्त यात्रा की सुविधा घोषित की है। यह सुविधा 27 अगस्त सुबह 6 बजे से शुरू होकर 29 अगस्त रात 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी। सरकार के इस फैसले के तहत महिला यात्री यूपीएसआरटीसी की नियमित बसों में बिना किसी किराए के यात्रा कर सकेंगी। रक्षाबंधन के दौरान भाई-बहनों के मिलन और घर लौटने की व्यस्तता को देखते हुए यह कदम महिलाओं को आर्थिक राहत देने और त्योहार को और सुगम बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

**अतिरिक्त बसों का संचालन**

यात्रियों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग ने 26 अगस्त से 31 अगस्त तक अतिरिक्त बसों का संचालन करने का निर्णय लिया है। इन अतिरिक्त बसों के जरिए यात्रियों को बिना परेशानी के अपने गंतव्य तक पहुंचने में मदद मिलेगी। विशेष रूप से रक्षाबंधन से पहले और बाद के दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों और शहरों से गांवों की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए यह व्यवस्था महत्वपूर्ण साबित होगी।

**सुविधा का लाभ कैसे उठाएं**

महिला यात्रियों को बस स्टेशनों पर या बस में सवार होते समय अपनी पहचान संबंधी दस्तावेज (जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि) दिखाने की सलाह दी जा रही है, ताकि सुविधा का सुचारू रूप से लाभ मिल सके। यूपीएसआरटीसी के अधिकारी इस दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ध्यान रखेंगे। सरकार का यह फैसला रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक त्योहार को महिलाओं के लिए और यादगार बनाने के साथ-साथ सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। यात्री इस सुविधा का लाभ लेने के लिए यूपीएसआरटीसी की वेबसाइट या मोबाइल ऐप के माध्यम से भी बस की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह घोषणा महिलाओं के सशक्तिकरण और त्योहारों पर आम नागरिकों को राहत पहुंचाने की दिशा में राज्य सरकार की निरंतर कोशिशों को दर्शाती है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गोपीनाथ दीक्षित ने बताया कि 26 अगस्त से विशेष बसों का संचालन शुरू होगा। डिपो परिसर में एक अलग पूछताछ केंद्र बनाया जाएगा। ताकि यात्रियों को परेशानी न हो। बताया कि छह दिनों तक 1800 किमी तक यात्रा करने वाले चालक-परिचालकों को 1200 रुपये प्रोत्साहन दिया जाएगा। इसके अलावा डिपो के अन्य कर्मियों को भी 500 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी

# मऊ मिनी स्टेडियम में धूमधाम से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मऊ स्थित मिनी स्टेडियम में शनिवार को शिवाय सेवा समिति के तत्वावधान में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समिति के अध्यक्ष एवं अध्यापक आशीष चतुर्वेदी ने ध्वजारोहण कर की। इसके बाद उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। राष्ट्रगान की गूंज से पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। ध्वजारोहण के बाद समिति अध्यक्ष आशीष चतुर्वेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर मां भारती के चरणों में पुष्प अर्पित किए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों और महापुरुषों को नमन करते हुए उनके त्याग और बलिदान को याद किया। समारोह का मुख्य आकर्षण मऊ प्राथमिक विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। बच्चों ने देशभक्ति गीतों, लोकगीतों और सांस्कृतिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं। बच्चों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए और पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया।

**बच्चों को दी शैक्षिक सामग्री**

शिवाय सेवा समिति की ओर से बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पेन, पेंसिल समेत अन्य शैक्षिक सामग्री प्रदान की गई। समिति के इस प्रयास की उपस्थित लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम के समापन पर सभी को मिष्ठान वितरित किया गया। समिति अध्यक्ष आशीष चतुर्वेदी ने कहा कि शिवाय सेवा समिति का उद्देश्य जन-जन तक राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का संदेश पहुंचाना है। युवा पीढ़ी को अमर शहीदों और महापुरुषों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व से परिचित कराना तथा उनके त्याग और तपस्या से प्रेरणा दिलाना समिति की प्राथमिकता है। राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने के लिए समिति आगे भी ऐसे आयोजन करती रहेगी। इस अवसर पर समिति के सचिव रंजीत यादव, उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, मीडिया प्रभारी विनीत कुमार, महामंत्री संदीप सैनी, सुशील कुमार, अनुज गुप्ता, आयुष वैश्य, हरिकेश वर्मा, जगदीश सिंह, पंकज गुप्ता, अनुज पांडेय, पांशुल तिवारी, संजय कुमार सोनी, हर्ष, उत्कर्ष समेत समिति के अन्य सदस्य और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# विराम खण्ड-5 जनकल्याण समिति ने वसंत पार्क में हर्षोल्लास से मनाया 80वाँ स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर विराम खण्ड-5 जनकल्याण समिति द्वारा वसंत पार्क में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ समिति के अध्यक्ष डॉ. भरत राज सिंह द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। उपस्थित सभी सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों ने राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी अर्पित की। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ. भरत राज सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों एवं अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश के प्रति अपने कर्तव्यों, जिम्मेदारियों और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को पुनः स्मरण करने का दिन है। उन्होंने नागरिकों से आपसी सौहार्द, सामाजिक एकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा क्षेत्र के समग्र विकास में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम में राकेश जैतेली, अरविन्द त्रिवेदी, डॉ. आर.पी. शर्मा, धनंजय मोंघे, प्रवीण मिश्रा एवं मनोज शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे वातावरण में देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और सामाजिक एकजुटता की भावना दिखाई दी। इस अवसर पर समिति के खण्ड प्रभारी राकेश जैतली, उपाध्यक्ष आर.एन. सिंह, उपाध्यक्ष विजय चोपड़ा, सचिव एवं अधिवक्ता नित्यानंद पाण्डेय, प्रचार सचिव मनोज शर्मा, आनंद प्रकाश, प्रवीण मिश्रा, डॉ. आर.पी. शर्मा, हरी सिंह, राकेश तिवारी, अरुण त्रिवेदी, प्रभात श्रीवास्तव, प्रतिभा शाही, सुनील निगम, के.एन. पाण्डेय, विकास मिश्र, सेवानिवृत्त आईएएस उमेश तिवारी, दिनेश पाण्डेय, एस.बी.एल. मेहरोत्रा, भगवान यादव, मनोज पाण्डेय, अरविन्द पंत, राज कमल, अतुल पंत एवं अनिल कुमार श्रीवास्तव सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विराम खण्ड-5 जनकल्याण समिति की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई। समिति ने राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता एवं जनकल्याण के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने तथा क्षेत्र के विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प दोहराया।

# आवास आयुक्त अनिल ढींगरा ने परिषद मुख्यालय पर किया ध्वजारोहण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के नव नियुक्त आवास आयुक्त अनिल ढींगरा ने शनिवार को परिषद मुख्यालय, लखनऊ में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगान गाया और देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर आवास आयुक्त ने परिषद के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि उनके त्याग, संघर्ष और बलिदान से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। स्वतंत्रता का वास्तविक सम्मान तभी होगा, जब हम अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे अनुशासन, निष्ठा, पारदर्शिता और पूर्ण समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि परिषद से जुड़ी योजनाओं और सेवाओं में जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करें।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष-2022 अनुक्रमांक. 1222427731 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**दिनेश कुमार वर्मा पुत्र पुजारी**
**ग्राम - हन्नहिया दुधरा**
**पो0- गैड़ास बुजुर्ग, उत्तरौला**
**जनपद-बलरामपुर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष - 2007 अनुक्रमांक -1969099 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**त्रिवेनी प्रसाद पुत्र पट्टे राम**
**ग्राम - धर्मपुर खजुरिया**
**पो0- खजुरिया**
**जनपद-बलरामपुर**

# सोन के उफान से रेणुका-बिजुल ओवरफ्लो, शिव मंदिर की सीढ़ियों तक पहुंचा पानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


मध्य प्रदेश में लगातार बारिश के कारण सोन नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है, जिससे रेणुका और बिजुल नदियाँ भी ओवरलो हो गई हैं और गोठानी स्थित शिव मंदिर की

**सोनभद्र।** हाल ही में मध्य प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों में हुई लगातार बारिश के कारण सोन नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। इस वृद्धि का प्रभाव सहायक नदियों पर भी पड़ा है। सोन नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण रेणुका नदी और बिजुल नदी में भी पानी ओवरफ्लो हो गया है। रात के समय गोठानी स्थित प्राचीन शिव मंदिर के पास सोन नदी के किनारे बने चबूतरे की सीढ़ियों तक पानी पहुंच गया था। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन ने बढ़ते जलस्तर के संबंध में कोई चेतावनी बोर्ड नहीं लगाया है। केवल एक बोर्ड नदी किनारे न जाने के लिए लगाया गया है। बाढ़ की आशंका के चलते तटवर्ती क्षेत्रों में दहशत का माहौल बना हुआ है। इसके बावजूद, कुछ लोग नदी किनारे लकड़ी बिनने के लिए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले सप्ताह करगरा क्षेत्र में नदी में एक मगरमच्छ भी देखा गया था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नदी किनारे पर्याप्त चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं, पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और मुनादी कराकर लोगों को नदी से दूर रहने की हिदायत दी जाए। इस स्थिति में प्रशासन की ओर से उचित कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए, स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि वह त्वरित कार्रवाई करे और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए प्रेरित करे। इसके साथ ही, नदी किनारे की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय किए जाने चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। इस प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं के दौरान स्थानीय समुदाय की सुरक्षा सर्वोपरि है। प्रशासन को चाहिए कि वह इस दिशा में गंभीरता से कार्य करे और लोगों को जागरूक करने के लिए प्रभावी कदम उठाए। सामुदायिक सहयोग और प्रशासनिक सक्रियता से ही इस संकट का सामना किया जा सकता है। स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

# स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर अमर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रनिर्माताओं को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को याद किया। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि देश को स्वतंत्रता असंख्य वीरों के संघर्ष और बलिदान से मिली है। स्वतंत्रता केवल अधिकारों का विषय नहीं, बल्कि कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का भी बोध कराती है। सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनसमस्याओं को संवेदनशीलता से सुनते हुए उनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय से पहुंचाना प्रशासन की कार्यप्रणाली का मूल उद्देश्य होना चाहिए। प्रभागीय वन अधिकारी आरुषि मिश्रा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का विकसित, समृद्ध, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत बनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारियों का भी ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वागीश कुमार शुक्ला ने कहा कि आजादी लंबे संघर्ष और असंख्य बलिदानों के बाद मिली है। इसलिए प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को पूरी ईमानदारी एवं जिम्मेदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश चंद, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे रोहित यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी इंद्रभान सिंह समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश पाठक ने किया। अंत में सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकास में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# जारी वारंट के अनुपालन में ओबरा पुलिस ने 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा/ सोनभद्र** – पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना ओबरा पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान न्यायालय से जारी वारंट से संबंधित 02 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। थाना ओबरा पुलिस द्वारा मु0न0 1402/15, धारा 380, 411 भादवि, थाना हाथीनाला से संबंधित वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-अन्तू बैगा पुत्र स्व0 मगरू, निवासी ग्राम कुम्हिया, ओबरा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 58 वर्ष, धीरज बैगा पुत्र धन्नू बैगा, निवासी ग्राम कुम्हिया, ओबरा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 31 वर्ष। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 रामसागर पटेल, थाना ओबरा,हे0 का0 अवधेश कुमार, का0 अरुण कुमार यादव शामिल रहे।

# सोनभद्र में संदिग्ध परिस्थितियों में नाला में औंधे मुंह मिला युवक का शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र।** रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र के सिल्थम गांव से करीब तीन किमी दूर कुंडा नाला में संदिग्ध परिस्थितियों में 19 वर्षीय भारत धांगर का शव औंधे मुंह रविवार की सुबह करीब छह बजे मिला। नाला की ओर से गुजर रहे लोगों ने उसका शव देख घटना की जानकारी पुलिस के साथ ही स्वजन को दी। मृतक के मुंह से झाग निकल रहा था और उसके गर्दन पर चोट के निशान होने की चर्चा है। उसके हत्या की आशंका स्वजन ने जताई है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल और आधार कार्ड जब्त कर लिया है। मृतक का पिता प्रदीप धांगर परिषदीय विद्यालय में शिक्षामित्र है। सिल्थम गांव निवासी भारत धांगर शनिवार को स्वतंत्रता दिवस पर दोस्तों के साथ घूमा फिरा। शाम को अपने ही गांव में दोस्तों के साथ कबड्डी खेला। रात में वह घर पहुंचा। वहां से अपने दो दोस्तों को बुलाकर फिर बाइक से दुपटिया गांव स्थित अपने नाना के घर चला गया। वहां से उसने अपने दोस्तों को फोन किया। सब लोग खाकर सो गए तो वह वहां से बाइक से अकेले रात करीब एक बजे बाइक से चल दिया। बरकोनिया थानाध्यक्ष राम सिंहासन शर्मा ने बताया कि नाना के घर से निकलने के बाद भारत धांगर ने रात करीब एक बजकर 15 मिनट पर अपने मामा के लड़के को फोन भी किया लेकिन उसने रिसीव नहीं किया। रविवार की सुबह करीब छह बजे नाना के घर से उत्तर दिशा में कुंडा नाला में उसका शव औंधे मुंह गिरा मिला।

# ऑटो और बाइक की टक्कर में दो लोगों की; मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** मीरजापुर-प्रयागराज मार्ग पर मांडा क्षेत्र के धराव नारा गांव के सामने शनिवार की सुबह ऑटो व बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक चालक सहित दो लोगों की मौत हो गई। जिगना क्षेत्र के नेगुरा रिबई सिंह गांव निवासी दीपक सिंह प्रयागराज के माइक्रो फाइनेंस कंपनी में मैनेजर का काम कर रहा था। 15 अगस्त के दिन वह घर से ऑफिस प्रयागराज के खीरी थाना क्षेत्र के चाकघाट में झंडारोहण करने गया था। वहां से घर लौट रहा था। सुबह साढे दस बजे दिन जैसे ही मांडा थाना क्षेत्र अंतर्गत धराव नारा गांव के सामने पहुंचा कि एक पिकअप वाहन से ओवरटेक करने लगा। इसी बीच सामने से आ रही ऑटो रिक्शा से टकरा गया। इसमें दीपक सिंह व आटो में सवार मेजा थाना क्षेत्र के अखरी शाहपुर गांव निवासी रंजू देवी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को मांडा के सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी दोपहर बाद मौत हो गई। वहीं मीरजापुर के छानबे मंडल की महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष विद्या सिंह के बेटे दीपक सिंह को स्वरूप रानी प्रयागराज में ले जाया गया। जहां दीपक की उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया गया बताया गया महिला रंजू देवी अपने गांव के महिलाओं के साथ दो दिन पहले बाबा बैजनाथ धाम दर्शन करने गई थी। वहां अपने टोली से भटक बिछड़ गई । जिसके चलते वहां से अकेले ही प्रयागराज के मांडा बाजार में सुबह बस से आई थी। वहां से ऑटो पकड़कर अपने घर जा रही थी इसी दौरान हादसे की चपेट में आ गई।

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन में हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** – जनपद सोनभद्र में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, सोनभद्र के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश सोनभद्र राम सुलिन सिंह, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्रीमती अर्चना अरोड़ा, न्यायाधीश दुर्घटना दावा अधिकरण राम किशोर पांडेय, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीशगण सहित समस्त न्यायिक अधिकारी, अधिवक्तागण, न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी, वादकारी तथा आमजन उपस्थित रहे। समारोह के अवसर पर भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं उपस्थित जनसमुदाय द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर संविधान निर्माण में बाबा साहब के अतुलनीय योगदान तथा सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना के लिए उनके संघर्ष एवं विचारों को स्मरण किया गया। इसके उपरांत राष्ट्रध्वज को सम्मानपूर्वक नमन किया गया तथा देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। उपस्थित जनसमुदाय ने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने तथा देश की प्रगति में अपना सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम, उत्साह और राष्ट्रीय गौरव की भावना से भर दिया। न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं आमजन ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का उत्साहपूर्वक आनंद लिया। समारोह की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, सोनभद्र के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एडवोकेट ने की तथा कार्यक्रम का सफल एवं गरिमापूर्ण संचालन डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री श्री राजेंद्र कुमार यादव एडवोकेट द्वारा किया गया। इस अवसर पर जगजीवन सिंह, श्याम बिहारी यादव, पवन कुमार सिंह, राजेश यादव, चतुर्भुज शर्मा,संतोष यादव, सुरेश सिंह कुशवाहा, पंकज यादव, द्वारकानाथ नागर, विनीत श्रीवास्तव, प्रेमप्रताप विश्वकर्मा, टीटू प्रसाद गुप्ता, अभिषेक सिंह मौर्य, सुमन, चंद्रकला गिरी, समृद्धि कुशवाहा, सुदेश कुमार, आदर्श देव पांडेय आदि अधिवक्ताओं एवं जनसमुदाय ने स्वतंत्रता के अमूल्य आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र की सेवा, संविधान की मर्यादा एवं विधि के शासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# उचित दर विक्रेताओं को अतिरिक्त लाभांश वितरण की घोषणा 17 अगस्त को

## सुबह 10 बजे से विधानसभा-वार आयोजित होगा कार्यक्रम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश**– जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में प्रदेश में कार्यरत उचित दर विक्रेताओं को राज्य सरकार के बजट से अतिरिक्त लाभांश वितरण की घोषणा के संबंध में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनपद सोनभद्र में उक्त कार्यक्रम का 17 अगस्त 2026 को प्रातः 10:00 बजे से विधानसभा-वार आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के सुचारु एवं सफल संचालन के लिए विधानसभा-वार नोडल अधिकारियों को नामित किया गया है। विधानसभा-वार नामित नोडल अधिकारी निम्नवत हैं- विधानसभा राबर्ट्सगंज- उपजिलाधिकारी (न्यायिक), राबर्ट्सगंज, विधानसभा घोरावलः उपजिलाधिकारी, घोरावल, विधानसभा ओबरा-उपजिलाधिकारी, ओबरा, विधानसभा दुद्धीः उपजिला धिकारी (न्यायिक), दुद्धी। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने सभी नामित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में 17 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे से कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करें।

# गैर इरादतन हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त को म्योरपुर पुलिस ने 10 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश**– पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के कुशल नेतृत्व में थाना म्योरपुर पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त को अभियोग पंजीकृत होने के मात्र 10 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार। दिनांक15.08.2026 को थाना म्योरपुर पर पंजीकृत मु0 अ0 सं0- 98/ 2026, धारा 105 बीएनएस से संबंधित अभियुक्त संतलाल पुत्र स्व0 मेहीलाल गोड़, निवासी ग्राम करहिया, थाना म्योरपुर, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 40 वर्ष को थाना म्योरपुर पुलिस टीम द्वारा रविवार दिनांक 16.08.2026 को समय 08:22 बजे प्रातः उसके घर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से एक अदद आला कत्ल सफेद रंग की बाल्टी बरामद किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, थाना म्योरपुर,उ0 नि0 परमानन्द त्रिपाठी, चौकी प्रभारी लिलासी, थाना म्योरपुर, हे0का0 प्रमोद कुमार यादव, का0 रामजीत बिन्द शामिल रहे।

# टिश्यू कल्चर विधि से 25 हेक्टेयर में होगी केले की खेती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** विंध्य क्षेत्र में परंपरागत खेती के साथ किसानों को औद्यानिक खेती के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। उद्यान विभाग की ओर से एकीकृत बागवानी मिशन योजना के तहत टिश्यू कल्चर विधि से केले की खेती का दायरा बढ़ाया जा रहा है। वर्ष 2026-27 में 25 हेक्टेयर क्षेत्रफल में केले की खेती कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य कम लागत में किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के साथ उनकी आय में वृद्धि करना है। ड्रिप विधि से सिंचाई को बढ़ावा देकर जल संरक्षण पर भी जोर दिया जा रहा है। जनपद में प्रतिदिन करीब 10 ट्रक केले की खपत होती है, जिसकी पूर्ति के लिए पहले दूसरे प्रदेशों से केला मंगाया जाता था। अब राजगढ़ क्षेत्र में केले का उत्पादन बढ़ने से स्थानीय स्तर पर इसकी उपलब्धता बढ़ रही है। टिश्यू कल्चर विधि से केले की खेती में प्रति हेक्टेयर करीब 1.75 लाख रुपये की लागत आती है। किसानों को इस पर 40 प्रतिशत, अधिकतम 70 हजार रुपये तक का अनुदान दो चरणों में दिया जाता है।

**एक पौधे से तीन बार फसल**

केले की खेती करने वाले किसान एक बार पौधा लगाने के बाद तीन बार तक फसल प्राप्त कर सकते हैं। इसकी खेती जुलाई से सितंबर के बीच की जाती है। केले के एक पौधे की कीमत करीब 20 रुपये होती है। उप निदेशक उद्यान मेवा राम ने बताया कि जनपद में उद्यान विभाग की ओर से वर्ष 2018 में केले की खेती की शुरुआत कराई गई थी। वर्तमान में 500 से अधिक किसान केले की खेती कर रहे हैं। किसानों को परंपरागत खेती के साथ केले की खेती अपनाकर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# अनपरा परियोजना में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वाधीनता दिवस

## सीजीएम ने ध्वजारोहण कर मार्चपास्ट की सलामी ली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अनपरा (सोनभद्र)।** अनपरा तापीय परियोजना परिसर स्थित सीआईएसएफ परेड ग्राउंड में 80वां स्वाधीनता दिवस समारोह उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि एवं परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं. अजय कुमार कटियार ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। राष्ट्रगान के बाद उन्होंने स्कूली बच्चों और सुरक्षा जवानों की आकर्षक मार्चपास्ट की सलामी ली तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह को संबोधित करते हुए इं. कटियार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस अमर शहीदों के संघर्ष और बलिदान को याद करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि अनपरा परियोजना ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। परियोजना की पुरानी इकाइयां भी कम लागत, न्यूनतम तेल और सहायक विद्युत खपत के साथ लगातार विद्युत उत्पादन कर नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। इससे प्रदेश की बिजली जरूरतों को पूरा करने के साथ देश के विकास में भी योगदान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि परियोजना की ओर से क्षेत्रवासियों को बिजली उत्पादन के साथ चिकित्सा, शिक्षा, पेयजल, हरित वातावरण और अन्य मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बिजली कर्मियों से अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने और राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने का आह्वान किया। समारोह का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा। स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता संग्राम की याद दिला दी। कार्यक्रम का संचालन इं. पवन तिवारी और इं. धर्मेंद्र रामकरन ने किया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता आर एंड एम इं. अतुल कुमार, महाप्रबंधक प्रशासन इं. एसएन मिश्र, महाप्रबंधक इं. प्रशांत त्रिपाठी, इं. चंद्र प्रकाश, इं. डीके सिंह, इं. निशीथ शर्मा, सीआईएसएफ समादेष्टा नितिन तोमर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अमरनाथ बरनवाल समेत परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी, महिला मंडल की पदाधिकारी, कर्मचारी, श्रम संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर माँ शारदा राजे पब्लिक स्कूल में भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, मिर्जापुर।** 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माँ शारदा राजे पब्लिक स्कूल, पारसिया गोकुल बरौंधा, लालगंज, मिर्जापुर में देशभक्ति से ओत-प्रोत भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके बाद छात्र- छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता एवं देशभक्ति से जुड़ी प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिंकी कोल 96 विधायक, विशिष्ट अतिथि दिलीप पटेल (जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि) तथा अतिविशिष्ट अतिथि डॉ. महानारायण भारती एवं डॉ. अवधेश मौर्या रमेश पाण्डेय उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक आशीष कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य रामदास मौर्य एवं उपप्रधानाचार्य कम्पित शिक्षक ज्योति मिश्रा,तनु मिश्रा, विष्णुकान्त,अनिकेत आस्था केशरी ,राजेश ,खुशी ,पूजा गुप्ता ,सहित विद्यालय परिवार ने अतिथियों का स्वागत किया।मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की एकता, अखंडता और विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्रहित में योगदान देने और देश की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया।माँ शारदा राजे पब्लिक स्कूल परिवार की ओर से सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### क्षत्रिय कल्याण परिषद के कार्यालय पर हुआ ध्वजारोहण



**प्रतापगढ़।** 80वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण करते अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद जिला इकाई प्रतापगढ़ के जिला कार्यालय पर हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ।तिरंगे को प्रणाम कर संगठन के पदाधिकारियों ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने का संकल्प लिया। सभी पदाधिकारियों ने एक देश एक कानून और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस पावन अवसर पर जिला संरक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह पूर्व मैनेजर ग्रामीण बैंक, नगर अध्यक्ष श्री आरबी सिंह पूर्व सहायक निदेशक सूचना, नगर महामंत्री डीपी सिंह पूर्व प्रबंधक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, जिला उपाध्यक्ष विनय सिंह प्रीमियम मैरेज पैलेस गाय घाट रोड जानकी पुरम्, सतीश सिंह, रबी प्रताप सिंह, दिनेश सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सम्मानित पदाधिकारियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने कैम्प कार्यालय व कलेक्ट्रेट में किया ध्वजारोहण



**प्रतापगढ़।** आज़ादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को जनपद प्रतापगढ़ में पूरे जोश, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। 80वें स्वतंत्रता दिवस पर जनपद में सुबह से ही राष्ट्रीय ध्वज फहराने और शहीदों को नमन करने का सिलसिला जारी रहा। सरकारी, अर्ध-सरकारी, गैर-सरकारी संस्थानों के साथ-साथ स्कूल, कॉलेज और सामाजिक संगठनों ने भी इस ऐतिहासिक दिन पर ध्वजारोहण किया तथा देश के अमर शहीदों की शहादत को याद करते हुये उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। जगह-जगह देशभक्ति गीतों की गूंज सुनाई दी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने देश की आन-बान-शान का संदेश दिया। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने कैम्प कार्यालय व कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया और उसके उपरान्त राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया गया। इस अवसर कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी (वि0/ रा0) आदित्य प्रजापति, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी सहित अधिवक्तागण, कलेक्ट्रेट के अधिकारी/कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित रहे।

# उत्साह और उमंग के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

## नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने किया ध्वजारोहण, निकाली गई भव्य प्रभातफेरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रमोद रोनियार**

**पडरौना।** देश की आजादी की 80 वीं वर्षगांठ के अवसर पर पडरौना नगर में स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने नगरपालिका कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को नमन किया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ और उपस्थित लोगों ने देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया। ध्वजारोहण के बाद नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में भव्य प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी तिलक चौक से शुरू होकर कोतवाली रोड, सुभाष चौक, गांधी चौक, रामकोला रोड होते हुए बावली चौक पहुंची। मार्ग में स्थापित विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पालिकाध्यक्ष एवं उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित




की। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महापुरुषों के त्याग और योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस दौरान जलकल भवन परिसर में भी ध्वजारोहण किया गया। भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय हिंद के नारों से पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम के समापन पर बावली चौक स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पालिकाध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि देश की आजादी लंबे संघर्ष, त्याग और असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का परिणाम है। स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं, बल्कि देश के प्रति अपने कर्तव्यों को याद करने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका तय करने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की तभी संभव है, जब प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए ईमानदारी और निष्ठा के साथ राष्ट्रहित में कार्य करे। उन्होंने नगर के विकास के साथ स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सद्भाव और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने को सामूहिक जिम्मेदारी बताया। युवाओं से शिक्षा, अनुशासन और मेहनत के माध्यम से राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष 'बुलबुल' जायसवाल, सभासद श्याम साहा, अमानतुल्लाह, प्रमोद श्रीवास्तव, शारदापाल सिंह, रामाश्रय, बलवंत सिंह, भोली जायसवाल, करीम, प्रवीण कुमार सिंह, अनिल जायसवाल, अरुण कुशवाहा, अब्दुल्ला, छोटे कुशवाहा, मैनुद्दीन, संतोष गुप्ता, राजस्व अधीक्षक हरिश्चंद्र, कर निरीक्षक रवि प्रताप सिंह, रियाजुद्दीन, महेंद्र प्रसाद, सतीश प्रसाद, नीरज मिश्र, भारत चौधरी, अभय मारोदिया, भास्कर शर्मा, भास्कर पाठक, अभय तिवारी, आकाश वर्मा, मंथन सिंह, बृजेश शर्मा, अमित तिवारी, नन्हे पाण्डेय, अंशु जायसवाल, सिद्धार्थ जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जिला कारागार में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला कारागार प्रतापगढ़ में 80 वां स्वतंत्रता दिवस अत्यन्त हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसके उपरान्त राष्ट्रगान एवं देशभक्ति के नारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो गया। जेल अधीक्षक द्वारा समस्त कर्मिकों को सम्बोधित करते हुये सरकारी योजनाओं को विस्तृत रूप बताया गया। इस अवसर पर कारागार के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों, पी0ए0 सी. तथा पुलिस बल के जवानों ने सक्रिय योगदान दिया। जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी द्वारा महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों एवं उनके बच्चों को फल एवं कारागार चिकित्सालय में भर्ती समस्त बन्दियों को मिष्ठान वितरित किया गया। सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम में बंदियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम और देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान बन्दियों एवं कारागार कार्मिकों में देश भक्ति, राष्ट्रीय एकता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेल अधीक्षक ने कहा कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बंदियों में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मसंयम और नैतिक मूल्यों का विकास करना है। कारागार प्रशासन बंदियों के सुधार और पुनर्वास की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए वन विभाग के दिनेश कुमार चौरसिया सम्मानित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर वन विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में दिनेश कुमार चौरसिया, प्रभारी क्षेत्रीय वनाधिकारी, मुख्यालय रेंज, गोरखपुर वन प्रभाग, गोरखपुर को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान श्री सुनील चौधरी, हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ने दिनेश कुमार चौरसिया को मेडल पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वन विभाग के क्षेत्र में जिम्मेदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए मिले इस सम्मान को विभागीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर मिला यह सम्मान उनके कार्यों के प्रति विभाग की सराहना और विश्वास को दर्शाता है। सम्मान मिलने पर वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में खुशी का माहौल रहा। सहकर्मियों ने दिनेश कुमार चौरसिया को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, इस सम्मान से उनके परिवार और शुभचिंतकों में भी हर्ष व्याप्त है। वन विभाग से जुड़े लोगों का कहना है कि ऐसे सम्मान कर्मठ एवं ईमानदारी से कार्य करने वाले अधिकारियों का उत्साह बढ़ाते हैं तथा अन्य कर्मचारियों को भी अपने दायित्वों के प्रति और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

## हरियाली तीज पर सजा उत्सव का रंग, राधा-कृष्ण नृत्य ने मोहा मन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** देश की आजादी की 80 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 15 अगस्त 2026 को श्री राधिका सेवा समिति (रजिस्टर्ड) के तीन वर्ष पूर्ण होने पर हरियाली तीज का भव्य कार्यक्रम शहर स्थित पार्क विव पैलेस में आयोजित किया गया। समिति की संस्थापक गुड़िया चौहान के नेतृत्व में आयोजित समारोह में हरियाली तीज की उमंग के साथ देशभक्ति का भी अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन कर देश की आजादी के पर्व को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मेहंदी प्रतियोगिता, पूजा एवं व्रत कथा, सजावट प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत-संगीत, विभिन्न खेल तथा आकर्षक उपहारों की व्यवस्था की गई। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा रहीं। उन्होंने समिति के सामाजिक कार्यों की सराहना



करते हुए कहा कि महिलाओं को हुनर सिखाकर आत्मनिर्भर बनाना समाज को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। श्री राधिका सेवा समिति का प्रमुख उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को गरीबी से उबारकर उन्हें हुनरमंद एवं आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपने बल पर काम करके परिवार का पालन-पोषण कर सकें। इसके साथ ही गरीब एवं जरूरतमंद बेटियों के विवाह सहित अनेक सामाजिक एवं पुण्य कार्यों को अंजाम देना समिति के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। समिति के सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने में संस्थापक गुड़िया चौहान के पति उदय प्रताप सिंह का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

समारोह का सबसे मनमोहक आकर्षण राधा-कृष्ण का नृत्य रहा। मनमोहक प्रस्तुति देखकर कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कलाकारों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं अभिषेक अस्थाना की शानदार एंकरिंग ने पूरे कार्यक्रम में जोश और उत्साह बनाए रखा। कार्यक्रम में शर्मिला सिंह चौहान, नीतू त्रिवेदी (कोषाध्यक्ष), कीर्ति श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, सुधा सिंह पीडी नगर, पूजा मिश्रा, इला दीक्षित, अर्चना सिंह, मीरा सिंह, प्रियंका सिंह, मंजू सिंह, अर्चना उपाध्याय, पुष्पा चंदेल, गीता मिश्रा, पुष्प लता, रानी यादव, अंजू सिंह, प्रियंका पाल, सोनी तिवारी सहित तमाम महिलाएं उपस्थित रहीं।



आरती तिवारी 'पिंकी' कानपुर, नंदिता मल्होत्रा, सिल्की कृष्णा फर्नीचर्स, रंजना पांडे, रतना मिश्रा, कंचन अस्थाना सहित अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी रही। समाजसेवी डॉ. मनीष सिंह, मुनेंद्र सिंह चंदेल, अरमान सिद्दीकी समेत अनेक सम्मानित जनों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। हरियाली तीज की उमंग, महिलाओं की प्रतिभा, सामाजिक सेवा और 'वंदे मातरम्' के देशभक्ति भाव से सराबोर यह आयोजन देर तक यादगार बना रहा। समिति के तीन वर्ष पूरे होने पर उपस्थित लोगों ने संस्थापक गुड़िया चौहान एवं पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक सेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने की कामना की।

## खजनी तहसील में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, हर ओर गूंजा देशभक्ति का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी, गोरखपुर।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर खजनी तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को सरकारी, शैक्षणिक और निजी संस्थानों सहित गांव-गांव में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, प्रभात फेरी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खजनी तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी ने सुबह नौ बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ और पुलिस व होमगार्ड की टुकड़ी ने परेड कर सलामी दी। कार्यक्रम के दौरान शहीदों के परिजनों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित कर उनके योगदान को याद किया गया। खजनी ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख और खंड विकास अधिकारी ने ध्वजारोहण किया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्र के प्रति निष्ठा एवं कर्तव्य पालन की शपथ ली। वहीं खजनी थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी



खजनी एवं प्रभारी निरीक्षक ने ध्वजारोहण किया। पुलिसकर्मियों ने परेड के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

क्षेत्र के प्राथमिक, माध्यमिक और इंटर कॉलेजों में प्रधानाचार्यों व प्रबंधकों ने तिरंगा फहराया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर स्वतंत्रता दिवस की खुशियां मनाई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, डाकघर और कृषि कार्यालय सहित विभिन्न सरकारी विभागों में भी ध्वजारोहण हुआ। निजी विद्यालयों के बच्चों ने तिरंगा यात्रा और प्रभात फेरी निकालकर लोगों में देशभक्ति का संदेश दिया। मुख्य बाजार में व्यापारियों ने सामूहिक रूप से झंडारोहण कर मिठाई वितरित की। युवा समितियों ने रक्तदान शिविर और पौधारोपण जैसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए। गांवों में भी घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लहराता नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश दुबे ने कहा कि पूरा खजनी तहसील क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगा दिखाई दिया। संस्थानों और आमजन की सक्रिय भागीदारी से स्वतंत्रता दिवस समारोह सफल रहा। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक और ग्रामीण मौजूद रहे।

## बेगम खेड़ा में अवैध शराब बिक्री की शिकायत, 24 घंटे कारोबार का आरोप



### ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग उठाई, आबकारी अधिकारी बोले–जल्द होगी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बेगम खेड़ा गांव में कथित तौर पर अवैध शराब की बिक्री को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गांव में खुलेआम और कथित रूप से 24 घंटे अवैध शराब की बिक्री हो रही है। इससे गांव का माहौल प्रभावित होने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अवैध शराब की बिक्री पर समय रहते अंकुश नहीं लगाया गया तो नशे के कारण विवाद, दुर्घटना या कोई अन्य गंभीर घटना होने की आशंका बनी रहेगी। ऐसे में लोगों ने पुलिस और आबकारी विभाग से मामले की जांच कर प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि सोहरामऊ थाना क्षेत्र में पूर्व में भी अवैध शराब से जुड़े मामले सामने आ चुके हैं। जनवरी 2026 में सोहरामऊ पुलिस ने 33 पौवा अवैध देशी शराब बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसके बावजूद बेगम खेड़ा में कथित रूप से अवैध शराब की बिक्री की शिकायत सामने आने से निगरानी और कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी से बातचीत की गई तो उन्होंने जल्द कार्रवाई किए जाने की बात कही। उन्होंने मामले में आबकारी निरीक्षक से संपर्क करने के लिए उनका नंबर भी उपलब्ध कराया। अब देखना यह है कि शिकायत के बाद आबकारी विभाग और सोहरामऊ पुलिस मौके पर जांच कर कथित अवैध शराब बिक्री की हकीकत सामने लाते हैं या नहीं। ग्रामीणों को कार्रवाई का इंतजार है।

## युवा देश की शक्ति हैं, स्वस्थ युवा ही बनाएंगे सशक्त राष्ट्र

**गोपीगंज।** पर्यावरण संरक्षण और जन-स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भदोही साइकिलिंग क्लब ने रविवार को जागरूकता साइकिल यात्रा निकाली। साइकिल मैन भदोही अताउल मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में यात्रा गोपीगंज के बड़े चौराहे से शुरू होकर फूलबाग, थानीपुर, इब्राहिमपुर, सिंहपुर होते हुए ज्ञानपुर के मुखर्जी पार्क पहुँची। मुखर्जी पार्क में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम दास गुप्ता ने साइकिल यात्रियों का स्वागत किया और हरी झंडी दिखाकर यात्रा को आगे रवाना किया। उन्होंने कहा कि युवा देश की शक्ति हैं, स्वस्थ युवा ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। इसके बाद वह स्वयं साइकिल लेकर यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान साइकिल चलाएं ईंधन बचाएं वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ और करो योग रहो निरोग जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। यात्रा हरिहरनाथ मंदिर, राजा बाजार, पुलिस लाइन, प्रोफेसर कॉलोनी और पुरानी बाजार होते हुए ज्ञानपुर दुर्गागंज तिराहे पर संपन्न हुई।

# चार्जशीट से नाम हटाने की शिकायत, पेशकार की भूमिका पर उठे सवाल, एसएसपी ने दिए जांच के आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बाजार/गोरखपुरः** गोला थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गांव में नाबालिग रितेश यादव पर हुए कथित जानलेवा हमले के मामले में चार्जशीट से दो आरोपितों के नाम हटाए जाने की शिकायत से पुलिस महकमे में हलचल मच गई है। घायल किशोर की मां पानमती पत्नी धर्मेंद्र ने क्षेत्राधिकारी गोला कार्यालय के पेशकार दिनेश सिंह की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर से शिकायत की है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। पानमती के मुताबिक, बीते 13 जून को गांव के चौराहे पर उनके नाबालिग पुत्र रितेश यादव पर गुड्डी देवी, उसके पुत्र आर्यन यादव व आदित्य यादव, धीरज यादव, शुभम यादव, रामप्रवेश उर्फ प्रवेश यादव और कौशल यादव ने कथित रूप से लोहे की पाइप, रॉड और लाठी- डंडों से हमला किया था। हमले में रितेश गंभीर रूप से घायल हुआ। उसके जबड़े में गंभीर चोट




आई, जबकि सिर में चोट लगने के कारण टांके भी लगाए गए। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे इलाज के लिए गोरखपुर से लखनऊ तक ले गए। शिकायत के अनुसार मामले में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया और गंभीर चोट के बाद धारा 109 बीएनएस की बढ़ोतरी भी की गई। आरोपित धीरज यादव और कौशल यादव की जमानत जिला एवं सत्र न्यायालय गोरखपुर से 2 जुलाई को खारिज हो चुकी है। विवेचक ने 31 जुलाई को घायल रितेश का उसके घर पहुंचकर बयान दर्ज किया था। इसके बाद विवेचना पूरी कर चार्जशीट क्षेत्राधिकारी गोला कार्यालय भेजी गई।

**पेशकार पर नाम हटाने के लिए दोबारा बयान कराने का आरोप**

पानमती ने एसएसपी को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि चार्जशीट से शुभम यादव और रामप्रवेश उर्फ प्रवेश यादव के नाम हटाने के लिए घायल रितेश को दोबारा बयान दर्ज कराने के लिए पेशकार दिनेश सिंह द्वारा कार्यालय बुलाया जा रहा है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि मामले की जानकारी क्षेत्राधिकारी को न देने की बात कही जा रही है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। पीड़िता ने आरोपित पक्ष पर धमकी देने और समझौता न करने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने अपने दोनों पुत्रों की सुरक्षा को लेकर भी आशंका जताई है। पानमती ने एसएसपी से निष्पक्ष जांच, बिना दबाव सभी आरोपितों के नाम न्यायालय भेजने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। एसएसपी द्वारा जांच के आदेश दिए जाने के बाद अब जांच रिपोर्ट पर सबकी निगाहें टिकी हैं। रिपोर्ट सामने आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है और मामले में आगे क्या कार्रवाई होती है।

## भाजपा नेता नितेश शर्मा के नेतृत्व में भानपुर में उमड़ा जनसैलाब, निकाली भव्य 'तिरंगा यात्रा'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर देश के प्रति प्रेम और एकता का संदेश देने के लिए भानपुर के उकड़ा हनुमान मंदिर से सोनहा बाजार तक भव्य 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन भाजपा नेता नितेश शर्मा एवं लक्ष्मीकांत पांडेय पप्पू के संयुक्त संयोजन में किया गया। यह यात्रा बस्ती डुमरियागंज मार्ग पर उकड़ा से भानपुर कस्बा होते हुए सोनहा बाजार पहुंची, जहाँ जगह-जगह पर नागरिकों ने फूलों की वर्षा कर इसका स्वागत किया। हाथों में तिरंगा थामे युवाओं और स्थानीय लोगों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के गगनभेदी नारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। आयोजकों ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से हमारे अमर शहीदों के बलिदान को याद करने और देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लेने के लिए किया गया सोनहा बाजार स्थित लोक निर्माण विभाग के डाकबंगले पर यात्रा के समापन पर




आयोजित संक्षिप्त सभा में भाजपा नेता लक्ष्मीकांत पांडेय, नितेश शर्मा, सत्येंद्र शुक्ल जिप्पी, चंद्रभान गुप्ता, राकेश शर्मा, सुजीत सोनी, विजय तिवारी, राकेश उपाध्याय, रामनेवास गिरी, ओमप्रकाश शुक्ल, उमाकांत शुक्ल, मनोज पांडेय, प्रधान संघ अध्यक्ष सोनू मिश्र, इंद्रसेन उपाध्याय, सत्यप्रकाश मिश्र, अन्नू उपाध्याय, मिंडर भट्ट सहित अनेक वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी शान और देश के गौरव का प्रतीक है। सभी क्षेत्रवासियों से अपील की गई कि वे अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर गर्व के साथ तिरंगा फहराएं तथा राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश की एकता और सुरक्षा की शपथ ली।

# एलपीएस इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी में उत्साहपूर्वक मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** एलपीएस इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एवं कार्डियोवैस्कुलर थोरेसिक सर्जरी, कानपुर में 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। संस्थान के प्रवेश द्वार पर आयोजित समारोह में संकाय सदस्यों, चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, पैरामेडिकल विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं अन्य सदस्यों ने भाग लिया। निर्धारित कार्यक्रम में मार्चपास्ट, सलामी, वंदे मातरम्, ध्वजारोहण, शपथ ग्रहण, स्वतंत्रता दिवस पर संबोधन, सम्मान समारोह तथा निदेशक का उद्बोधन शामिल रहा । समारोह के औपचारिक कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् के गायन से हुआ। इससे पूर्व पूर्व सैनिकों एवं पैरामेडिकल विद्यार्थियों द्वारा मार्चपास्ट एवं सलामी प्रस्तुत की गई। इसके बाद संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. राकेश कुमार वर्मा ने वरिष्ठ संकाय सदस्यों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सभी



उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान में भाग लिया। कार्यक्रम के निर्धारित क्रम में ध्वजारोहण के बाद डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने सभी उपस्थित सदस्यों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई तथा संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संकल्प कराया । इसके बाद डॉ. अवधेश शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी का स्मरण भी कराती है। कार्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर उनका संबोधन निर्धारित था । डॉ. संदीप गौतम ने स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए बेगमपुरवा से संबंधित त्याग और बलिदान की कहानी साझा की। उन्होंने स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले लोगों के साहस और राष्ट्रप्रेम को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रेरक प्रसंग पर उनका विशेष संबोधन रखा गया था । समारोह को संबोधित करते हुए निदेशक प्रो. डॉ. राकेश कुमार वर्मा ने संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थान में पिछले वर्षों में आधारभूत संरचना, रोगी सेवाओं, गुणवत्ता, तकनीक और शैक्षणिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किया गया है। उन्होंने प्रमुख उपलब्धियों में 250 बेड के प्रस्तावित /विकसित इमरजेंसी भवन, समर्पित पैरामेडिकल अकादमिक भवन, स्वतंत्र जलापूर्ति व्यवस्था एवं वाटर टैंक, विद्युत अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण, NABH मान्यता, संस्थान की बाउंड्रीवॉल, रोगियों के लिए वेटिंग एरिया, ICU के डिजिटलीकरण तथा ICCU के नवीनीकरण का उल्लेख किया।

# जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** जनपद में 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। फूलबाग स्थित नाना राव पार्क में आयोजित जनपद के मुख्य समारोह में प्रदेश की राज्यमंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग प्रतिभा शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' का सामूहिक गायन किया गया। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि देश की स्वतंत्रता असंख्य ज्ञात-अज्ञात क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, त्याग और सर्वोच्च बलिदान का परिणाम है। स्वतंत्रता आंदोलन में कानपुर की धरती और यहां के वीरों का योगदान स्वर्णाक्षरों में अंकित है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश



विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की नई पहचान बना रहा है। उन्होंने नागरिकों से कर्तव्यबोध के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का समर्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत बनाने का आह्वान किया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कानपुर की धरती का स्वतंत्रता आंदोलन में गौरवशाली योगदान रहा है। स्वतंत्रता दिवस अमर बलिदानियों के सपनों का भारत बनाने

**इस अवसर पर राष्ट्रगीत 'वंदे मातर' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' का सामूहिक गायन किया गया। राज्यमंत्री प्रतिभा शुला ने अपने संबोधन में कहा कि देश की स्वतंत्रता असंय ज्ञात-अज्ञात क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, त्याग और सर्वोच्च बलिदान का परिणाम है।**

का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने जनपदवासियों से सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने नाना राव पार्क स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश की स्वतंत्रता और रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर बलिदानियों को नमन किया।

# सर्व धर्म महासभा द्वारा तिरंगा यात्रा एवं झंडा रोहण, सभी धर्म के लोग रहे मौजूद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर 80 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अखिल भारतीय सर्व धर्म महासभा एवं कुल हिंद जमीअतुल आवाम द्वारा तिरंगा यात्रा एवं झंडारोहण कार्यक्रम का आयोजन हुआ झंडा रोहण से पहले सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने जंगे आजादी में शहीद होने वाले महान वीरों को खिराजे अकीदत पेश की कार्यक्रम संस्था के कार्यालय स्थित कुली बाजार से महामंत्री महबूब आलम खान के नेतृत्व मे तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी धर्म के लोगों ने एक साथ हाथों में हाथ डालकर एकता का पैगाम दिया और कहा कि हिंदुस्तान को सभी धर्म के लोगों ने मिलकर आजाद कराया हमे अपनी आने वाली नस्लों को अपने महान वीरों और क्रांतिकारी के बारे में जरूर बताना चाहिए हमें हमारे मुल्क की आजादी कैसे मिली




अपने बच्चों को उनके किस्से सुनना चाहिए साथ ही साथ उन लाखों लोगों को भी अपनी दुआओं में याद रखना चाहिए जिन्होंने देश की आजादी की खातिर अपनी जाने की कुर्बानी पेश की इस मौके पर मुख्य रूप से महामंत्री महबूब आलम खान, शहर काजी मुफ्ती साकिब अदीब, राष्ट्रीय सचिव सरदार राजेंद्र सिंह, कुलदीप बाबा, मसीही पंडित, राजेश मिश्रा, पादरी डायमंड युसूफ कारी, सगीर आलम कारी, आरिफ रजा, राहुल दीक्षित, पार्षद सुशील तिवारी, आफताब आलम, भोलू, अलीम खान, रोमन, एडवोकेट चंद्रशेखर सोनकर, गुड्डू चौधरी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन में झंडा फहराकर मनाया स्वतंत्रता दिवस

**कानपुर।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन, कानपुर नगर में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल द्वारा ससम्मान राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस



अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा, संविधान के प्रति निष्ठा तथा तंबाकू-मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई गई। ध्वजारोहण के उपरांत पुलिस आयुक्त ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रसेवा के प्रति सदैव समर्पित रहने एवं अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# कम्पोजिट विद्यालय, ग्राम पंचायत सचिवालय व प्राथमिक विद्यालय मे फेराया गया तिरंगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर टूण्डला क्षेत्र की ग्राम पंचायत पमारी के ग्राम मनीगढ़ी में राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम के साथ विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। ग्राम के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक (कम्पोजिट) विद्यालय तथा ग्राम पंचायत सचिवालय पमारी में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में ग्रामीणों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, पंचायत कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

**कम्पोजिट विद्यालय व ग्राम पंचायत सचिवालय में हुआ ध्वजारोहण**

ग्राम पंचायत पमारी के ग्राम मनीगढ़ी स्थित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय तथा ग्राम पंचायत सचिवालय पमारी में प्रधान प्रतिनिधि हरिओम बघेल, ग्राम पंचायत सदस्य विवेक शर्मा एवं प्रधानाध्यापक विजय सिंह द्वारा तिरंगा झंडा फहराया गया। ध्वजारोहण के दौरान उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और राष्ट्रगान के साथ स्वतंत्रता




दिवस की गरिमा को बनाए रखा। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। छात्र-छात्राओं में भी स्वतंत्रता दिवस को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। बच्चों ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए देशभक्ति की भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम में कम्पोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय सिंह, योगेश रावत, जितेन्द्र सिंह, राममोहन सिंह, पंचायत सहायक पमारी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शिक्षकों ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व और देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिए गए बलिदान के बारे में जानकारी दी।

वहीं ग्राम पंचायत पमारी के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय नगला पुन्नू में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां ग्राम प्रधान कुमारी रेखा देवी, प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू बघेल एवं प्रधानाध्यापक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण के बाद विद्यालय परिसर में मौजूद शिक्षकों, बच्चों एवं ग्रामीणों ने राष्ट्र के प्रति सम्मान प्रकट किया। बच्चों में स्वतंत्रता दिवस को लेकर विशेष उत्साह नजर आया।

प्राथमिक विद्यालय नगला पुन्नू में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संजय राजपाल, संजय शर्मा, शिशपाल सिंह, बरखा सिंह, विकास बघेल, मनोज कांत, टिंकू सिंह, भूपेंद्र बघेल, गुलशन बघेल, संजना देवी एवं नेहा पाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीरों के त्याग और संघर्ष की याद दिलाता है।

## बाइक और साइकिल की टक्कर में छात्रा समेत दो घायल

**कोंच(जालौन)।** स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर स्कूल से घर लौट रही साइकिल सवार 15 वर्षीय छात्रा और बाइक सवार युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ग्राम जगनपुरा के पास घटित हुआ। राहगीरों द्वारा एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी कोंच पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों को रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम अवधपुरी महेशपुरा थाना कैलिया निवासी फूल सिंह की 15 वर्षीय पुत्री समीक्षा ग्राम सामी स्थित महावीर इंटर कॉलेज में शनिवार को आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद करीब डेढ़ बजे वह साइकिल से अपने घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान ग्राम जगनपुरा के नजदीक सामने से आ रही बाइक और साइकिल में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई जिसके चलते उक्त दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। लोगों ने तत्काल मदद करते हुए एंबुलेंस को सूचना दी और फिर दोनों घायलों को सीएचसी कोंच पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए युवक को मेडिकल कॉलेज तथा छात्रा को जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

कोंच (जालौन)- शनिवार की शाम सड़क हादसे में बाइक सवार एक 45 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए महिला को सीएचसी से जिला अस्पताल उरई रेफर किया गया जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, शनिवार की शाम करीब 6 बजे प्रताप नगर कोंच निवासी वहीदन (45) पत्नी साबिर मध्य प्रदेश के लहार से अपनी बेटी के घर से होकर वापस कोंच लौट रही थी। भतीजा अरशद (22) बाइक चला रहा था। जैसे ही पंचानन चौराहे के पास बाइक पहुंची तभी सड़क पर अचानक एक कुत्ता बाइक के सामने आ गया।

# वीर क्रांतिकारियों को श्रद्धासुमन अर्पित कर हर्षोल्लास से मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला।** क्रांतिकारी संगठन आप और हम राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अपराध मुक्ति संगठन के बैनर तले राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएस बेदी की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष जसवीर यादव एवं उनकी टीम ने 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में वीर क्रांतिकारियों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी में भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, सरदार उधम सिंह, मंगल पांडे, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह और रामप्रसाद बिस्मिल सहित अनेक क्रांतिकारियों के चित्र लगाए गए। कार्यक्रम के अतिथि समाजसेवी वीर सुरेंद्र पाल सिंह यादव एवं डॉ. अनिल वार्ष्णेय ने ध्वजारोहण किया। संगठन के राष्ट्रीय



अध्यक्ष बीएस बेदी, जिला अध्यक्ष जसवीर यादव सहित सभी अतिथियों ने वीर क्रांतिकारियों को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर बीएस बेदी ने कहा कि देश आजादी का पर्व जिस उत्साह से मना रहा है, वह हमारे वीर क्रांतिकारियों के बलिदान की देन है। स्वतंत्रता दिवस की सार्थकता तभी है जब हम उन वीरों को याद कर उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान प्रकट करें। कार्यक्रम में बंगाली बाबू, डॉ. अनिल वार्ष्णेय, मनमिंदर सिंह, राजू गांधी, पवन कक्कड़, देवेंद्र पाल, उदय वीर सिंह मेजर, सरदार हरपाल सिंह, चंपाराम, बंटी पाल, बहादुर सिंह अरोड़ा, राजू उपाध्याय चीफ एडिटर एन आई टी न्यूज़ , मनीष यादव, अजब सिंह यादव, सुरेंद्र यादव, करन चौधरी, सूरज वर्मा, संजय गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, आकाश बघेल, दीपू, रिया शर्मा, गुरलीन कौर, सरदार प्रतिपाल सिंह, पवनेश करन एवं पप्पू सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# भाजपा नगर अध्यक्ष आजाद जैन का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला।** भाजपा टूण्डला मंडल के नगर अध्यक्ष आज़ाद जैन का जन्मदिन नगर अध्यक्ष कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं गणमान्यजनों की मौजूदगी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने केक काटकर नगर अध्यक्ष आज़ाद जैन को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान सभी ने आज़ाद जैन के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नगर अध्यक्ष के रूप में उनके द्वारा संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने का प्रयास सराहनीय है। जन्मदिन समारोह में टूण्डला विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप, दीपक चौधरी, सुनील पाठक, आशुतोष गर्ग, नरेंद्र



शर्मा, विवेक कौशिक, राजेश अग्रवाल, जितेंद्र शर्मा, अनिल चौधरी, हेमंत चौधरी, देवेंद्र बेनीवाल, सतेंद्र जैन, राजन सिंह निषाद, संजय चक, सुशील चक, लोकेश जादौन, महेंद्र झा एवं रविंद्र झा सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। केक काटने के बाद कार्यकर्ताओं ने आज़ाद जैन को पुष्पगुच्छ एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु और सफल जीवन की कामना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह और आपसी सौहार्द का माहौल देखने को मिला।

# पुलिस लाइन में शान से लहराया तिरंगा, मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने शहीदों को किया नमन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जनपद में राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में पुलिस लाइन प्रांगण में आयोजित मुख्य समारोह में माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश योगेंद्र उपाध्याय ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को नमन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख अरांव कमलेश राजपूत सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। ध्वजारोहण के पश्चात सभी ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान देश की आजादी और सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले मां भारती के वीर सपूतों एवं अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को याद किया गया।



योगेंद्र उपाध्याय

**स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का हुआ सम्मान**

कार्यक्रम में मंत्री योगेंद्र उपाध्याय एवं जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शॉल एवं सम्मान सामग्री भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान देने वाले वीर सपूतों के त्याग और संघर्ष को याद करते हुए उनके परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

**स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं, बलिदानियों को नमन करने का दिन:**

समारोह को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं है, बल्कि उन अमर बलिदानियों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करने का अवसर है, जिनके अदम्य साहस, त्याग और संघर्ष की बदौलत आज हम स्वतंत्र राष्ट्र के नागरिक के रूप में स्वाभिमान के साथ जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता हमें लंबे संघर्ष और असंख्य बलिदानों के बाद प्राप्त हुई है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए अपना योगदान दे। मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश निराशा, प्रशासनिक शिथिलता और घोटालों के दौर से गुजर रहा था। वर्ष 2014 के बाद मिले सुदृढ़ नेतृत्व ने देश और प्रदेश को नई दिशा, नया तेवर और नया कलेवर देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। कभी 11वें और 12वें स्थान पर रहने वाली भारतीय अर्थव्यवस्था आज विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि आज भारत की उपलब्धियां दुनिया के सामने देश की बढ़ती सामर्थ्य और आत्मविश्वास को प्रदर्शित कर रही हैं।

**समुद्र की गहराइयों से अंतरिक्ष तक लहरा रहा भारत का परचम**

मंत्री ने कहा कि आज भारत समुद्र की गहराइयों से लेकर अंतरिक्ष की ऊंचाइयों तक अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रहा है। विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश लगातार आगे बढ़ रहा है।

# डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब तहसील इकाई कोंच के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष वर्ष भी पूरे उल्लास के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई । स्थानीय सरोजिनी नायडू पार्क से पूर्व केंद्रीय मंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा, विधायक पुत्र जितेंद्र सिंह आशु निरंजन, डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष मनोज राजा, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, ईओ नगर पालिका मोनिका उमराव, कोतवाल निगवेंद्र प्रताप सिंह आदि अतिथियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और फिर तिरंगा ध्वज लहराकर यात्रा रवाना की। यात्रा छावला पुलिया, स्टेट बैंक, लवली चौराहा, नई बस्ती, रामगंज, नगर पालिका, सागर चौकी से होकर मेन रोड के रास्ते चंदकुआ स्थित महारानी लक्ष्मीबाई स्मारक पर पहुंची। यहां पर सभी लोगों ने महारानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। यात्रा में शामिल अतिथियों सहित स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़े लोग, पत्रकार और गणमान्य नागरिक डीजे पर बज रहे देशभक्ति तरानों पर तिरंगा ध्वज लहराते



हुए 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' का उद्घोष कर आगे बढ़ रहे थे। रास्ते में नई बस्ती तिराहे पर हैप्पी चंदन गुप्ता, बजाज एजेंसी पर लला गुप्ता देवगांव वाले द्वारा शीतल पेय की व्यवस्था की गई थी, जगह जगह पुष्पवर्षा भी की गई। महारानी लक्ष्मीबाई स्मारक पर यात्रा के समापन अवसर पर अतिथियों ने स्वतंत्रता दिवस पर्व की शुभकामनाएं देते हुए वीर अमर शहीदों को याद किया और देश की एकता अखंडता को अक्षुण बनाए रखने का आह्वान किया। इससे पहले संगठन की तहसील इकाई के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अतिथियों का पगड़ी पहनाकर स्वागत सम्मान किय। तिरंगा यात्रा में पूर्व राज्यमंत्री उप्र हरिओम उपाध्याय, उरई से आये वरिष्ठ पत्रकार अलीम सिद्दीकी, अजय श्रीवास्तव, विनय गुप्ता, प्रदीप महतवानी, संगठन के तहसील अध्यक्ष अंजनी श्रीवास्तव, महामंत्री राजेंद्र यादव, संरक्षक मंडल सदस्य चौ. बृजेंद्र मयंक, पुरुषोत्तम दास रिछारिया, असद अहमद, मो अफजाल खान, संजय सोनी, हरिश्चंद्र तिवारी, प्रियाशरण नगाइच, सिराज काजी, कढोरे लाल यादव बाबूजी, डॉ दिलीप अग्रवाल, अनिल वैद एड, कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, कन्हैया नीखर, विकास पटेल धनौरा, अंशु पटेल डाढी, राजेंद्र निगम एड, संजय लोहिया, सभासद अनिल वर्मा, नरेंद्र द्विवेदी, वसीम सिद्दीकी, विकार अहमद, बाबूराम पाल, बृजेंद्र कुशवाहा सहित स्थानीय पत्रकार मौजूद रहे।

# संपादकीय

## विकास की चमक और गांव की हकीकत


राजीव शुक्ला -(संपादक)

भारत आज दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। बड़े शहरों में चौड़ी सड़कें, एक्सप्रेस-वे, मेट्रो, आधुनिक हवाई अड्डे, डिजिटल भुगतान, ऊंची इमारतें और तकनीक की बढ़ती पहुंच देश के बदलते चेहरे की तस्वीर पेश करती हैं। देश की आर्थिक क्षमता और तकनीकी उपलब्धियों पर गर्व करना स्वाभाविक है। लेकिन विकास की असली तस्वीर केवल महानगरों की चमक में दिखाई नहीं देती। भारत की आत्मा अब भी गांवों में बसती है और इसलिए देश की तरक्की का वास्तविक मूल्यांकन गांव की चौपाल, खेत, स्कूल, अस्पताल और रोजगार के अवसरों से होना चाहिए। सवाल यह नहीं है कि भारत ने कितना विकास किया है। सवाल यह है कि उस विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक कितना पहुंचा है। आज देश के अनेक हिस्सों में बुनियादी ढांचे का विस्तार हुआ है। सड़कें बेहतर हुई हैं, मोबाइल और इंटरनेट की पहुंच बढ़ी है, बैंकिंग सेवाएं गांवों तक पहुंची हैं और सरकारी योजनाओं का डिजिटल माध्यम से संचालन बढ़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पक्के मकानों, बिजली, शौचालय और सड़क जैसी सुविधाओं का विस्तार हुआ है। लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। कई गांवों में सड़क तो है, लेकिन बरसात में वही सड़क चलने लायक नहीं रहती। बिजली का कनेक्शन है, लेकिन निर्बाध आपूर्ति अब भी चुनौती बनी हुई है। इंटरनेट पहुंच गया है, लेकिन डिजिटल साक्षरता और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की कमी है। स्कूल की इमारत खड़ी है, लेकिन शिक्षक और बेहतर शिक्षा की उपलब्धता सवाल बनी हुई है। स्वास्थ्य केंद्र मौजूद है, लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सक और जरूरी सुविधाएं हर जगह उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए, विकास को केवल निर्माण कार्यों की संख्या से नहीं, बल्कि उनके वास्तविक उपयोग और लोगों के जीवन में आए बदलाव से मापना होगा। किसान की आय और खेत की वास्तविकता- भारत के गांवों की अर्थव्यवस्था का बड़ा आधार कृषि है। किसान की स्थिति सुधारे बिना ग्रामीण भारत के विकास की कल्पना अधूरी है। किसान के सामने आज केवल फसल पैदा करने की चुनौती नहीं है। बीज, खाद, सिंचाई, डीजल, बिजली, मजदूरी और कृषि मशीनरी की लागत बढ़ने से खेती का खर्च लगातार महत्वपूर्ण मुद्दा बना हुआ है। दूसरी ओर मौसम की अनिश्चितता, बाजार भाव में उतार-चढ़ाव और फसल के उचित मूल्य की चिंता किसान के जोखिम को बढ़ाती है। यदि किसान फसल पैदा करने के बाद भी अपनी मेहनत का उचित प्रतिफल पाने को लेकर आश्वस्त नहीं है, तो विकास के बड़े-बड़े आंकड़े उसके लिए सीमित अर्थ रखते हैं। ग्रामीण विकास का असली पैमाना यह होना चाहिए कि किसान की आय और आर्थिक सुरक्षा कितनी बढ़ी, उसकी लागत और जोखिम कितना कम हुआ तथा उसे अपनी उपज के लिए कितनी बेहतर बाजार व्यवस्था मिली। गांव का युवा आखिर कहां जाए? भारत को युवा देश कहा जाता है। लेकिन युवा शक्ति तभी देश की ताकत बनेगी जब उसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल और सम्मानजनक रोजगार के अवसर मिलेंगे। गांवों में बड़ी संख्या में युवा बेहतर रोजगार की तलाश में शहरों की ओर जाते हैं। यह पलायन केवल रोजगार का आंकड़ा नहीं है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की एक गंभीर चुनौती भी है। जब गांव का युवा अपने ही क्षेत्र में पर्याप्त अवसर नहीं पाता, तो वह महानगरों की ओर जाने के लिए मजबूर होता है। इसका असर गांव के सामाजिक ढांचे पर भी पड़ता है। खेती में श्रम की उपलब्धता प्रभावित होती है, परिवार अलग-अलग जगहों पर बंटते हैं और गांवों की स्थानीय अर्थव्यवस्था कमजोर पड़ सकती है। जरूरत इस बात की है कि गांव में ही छोटे उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, ग्रामीण पर्यटन, डिजिटल सेवाओं और स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा मिले। रोजगार केवल सरकारी नौकरी का पर्याय नहीं होना चाहिए; ऐसा आर्थिक वातावरण तैयार होना चाहिए जिसमें गांव का युवा उद्यमी भी बन सके। शिक्षा की इमारत से आगे की जरूरत ग्रामीण विकास में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण निवेश है। स्कूलों की संख्या बढ़ाना जरूरी है, लेकिन उससे भी अधिक जरूरी है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा। एक गांव के बच्चे को शहर के बच्चे जैसी शिक्षा, डिजिटल संसाधन, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेल सुविधाएं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के अवसर मिलें—तभी शिक्षा वास्तव में सामाजिक समानता का माध्यम बन सकती है। आज मोबाइल फोन और इंटरनेट ने जानकारी की दुनिया गांव तक पहुंचाई है, लेकिन जानकारी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में अंतर है। इंटरनेट उपलब्ध होना पर्याप्त नहीं है; बच्चों को उसका सही उपयोग सिखाने वाले शिक्षक, संसाधन और मार्गदर्शन भी जरूरी हैं। अगर गांव का बच्चा प्रतिभा होने के बावजूद केवल संसाधनों की कमी के कारण पीछे रह जाता है, तो यह केवल उस बच्चे का नुकसान नहीं, बल्कि देश की मानव क्षमता का नुकसान है। स्वास्थ्य सुविधा का मतलब केवल भवन नहीं ग्रामीण भारत के विकास का एक और महत्वपूर्ण पैमाना स्वास्थ्य है। किसी गांव में स्वास्थ्य केंद्र का भवन बना देना पहला कदम है, अंतिम उपलब्धि नहीं। असली सवाल है कि वहां डॉक्टर उपलब्ध हैं या नहीं, दवाएं मिलती हैं या नहीं, जांच की सुविधा है या नहीं और गंभीर मरीज को समय पर उच्च स्तरीय चिकित्सा मिल सकती है या नहीं। गरीब परिवार के लिए बीमारी केवल स्वास्थ्य का संकट नहीं होती। वह आर्थिक संकट भी बन सकती है। इलाज के लिए शहर जाना, यात्रा का खर्च, काम का नुकसान और निजी अस्पतालों की महंगी चिकित्सा परिवार की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर सकती है। इसलिए ग्रामीण विकास का अर्थ ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था होना चाहिए जिसमें सामान्य बीमारी के इलाज से लेकर आपातकालीन चिकित्सा तक लोगों को समय पर और सम्मानजनक सुविधा मिले। महिलाओं के जीवन में बदलाव कितना आया? किसी भी समाज की प्रगति का आकलन उसकी महिलाओं की स्थिति से किया जा सकता है। ग्रामीण महिलाओं की भूमिका कृषि, पशुपालन, घरेलू कार्य और परिवार की अर्थव्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद उनके श्रम का आर्थिक मूल्य अक्सर पूरी तरह सामने नहीं आता। स्वयं सहायता समूहों, बैंकिंग सुविधाओं और छोटे उद्यमों ने अनेक ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा है। लेकिन आगे की चुनौती बड़ी है—महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि आर्थिक निर्णय लेने वाली शक्ति बनाना। यदि गांव की महिला के पास अपनी आय, संपत्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य और निर्णय लेने की स्वतंत्रता बढ़ती है, तो उसका लाभ पूरे परिवार और अगली पीढ़ी को मिलता है। सड़क और इंटरनेट के साथ बाजार भी चाहिए ग्रामीण विकास में कनेक्टिविटी का महत्व असंदिग्ध है। सड़क और इंटरनेट गांव को दुनिया से जोड़ते हैं। लेकिन कनेक्टिविटी का वास्तविक लाभ तभी है जब वह आर्थिक अवसरों में बदल सके। यदि गांव का कारीगर अपने उत्पाद को देशभर में बेच सके, किसान बेहतर बाजार तक पहुंच सके, ग्रामीण युवा ऑनलाइन काम कर सके और छोटा उद्यमी डिजिटल माध्यम से ग्राहक बना सके, तभी डिजिटल और भौतिक कनेक्टिविटी का उद्देश्य पूरा होगा। इसलिए अगला चरण केवल 'गांव तक सुविधा पहुंचाने' का नहीं, बल्कि 'गांव को आर्थिक अवसरों से जोड़ने' का होना चाहिए। भारत ने विकास की लंबी यात्रा तय की है। यह यात्रा उपलब्धियों से भरी है और चुनौतियों से भी। इसलिए विकास को लेकर न तो निराशावादी दृष्टिकोण उचित है और न ही केवल आंकड़ों और उपलब्धियों के आधार पर आत्मसंतुष्टि। देश को विकास का ऐसा पैमाना चाहिए जिसमें आर्थिक वृद्धि के साथ जीवन की गुणवत्ता को भी महत्व मिले। क्या किसान आर्थिक रूप से सुरक्षित है? क्या गांव के बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है? क्या युवा को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल रहा है? क्या महिला आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है? क्या गरीब परिवार बीमारी के कारण कर्ज में डूबने से बच सकता है? क्या गांव में पानी, बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं भरोसेमंद हैं? क्या आम नागरिक को सरकारी कार्यालयों में सम्मान और समय पर सेवा मिलती है? ?इन सवालों के जवाब ही विकास की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करेंगे। शहर और गांव के बीच की दूरी कम करनी होगी भारत का विकास शहर बनाम गांव की सोच से आगे बढ़ना चाहिए। गांव केवल कृषि उत्पादन का केंद्र नहीं हैं। वे श्रम, संस्कृति, परंपरा, प्राकृतिक संसाधन और विशाल उपभोक्ता बाजार के महत्वपूर्ण आधार हैं।

**आज देश के अनेक हिस्सों में बुनियादी ढांचे का विस्तार हुआ है। सड़कें बेहतर हुई हैं, मोबाइल और इंटरनेट की पहुंच बढ़ी है, बैंकिंग सेवाएं गांवों तक पहुंची हैं और सरकारी योजनाओं का डिजिटल माध्यम से संचालन बढ़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पक्के मकानों, बिजली, शौचालय और सड़क जैसी सुविधाओं का विस्तार हुआ है। लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। कई गांवों में सड़क तो है, लेकिन बरसात में वही सड़क चलने लायक नहीं रहती। बिजली का कनेक्शन है, लेकिन निर्बाध आपूर्ति अब भी चुनौती बनी हुई है। इंटरनेट पहुंच गया है, लेकिन डिजिटल साक्षरता और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की कमी है। स्कूल की इमारत खड़ी है, लेकिन शिक्षक और बेहतर शिक्षा की उपलब्धता सवाल बनी हुई है।**

# आत्मनिर्भरता से विकसित भारत की ओर आजादी की उड़ान



15 अगस्त भारत के राष्ट्रीय जीवन का वह गौरवपूर्ण दिन है, जब हमारी धरती ने पराधीनता की लंबी रात के बाद स्वतंत्रता का सूर्य देखा था। 2026 में हम स्वतंत्रता का 80वां दिवस मना रहे हैं। यह केवल अतीत के गौरव को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि यह आत्ममंथन करने का भी समय है कि जिन सपनों के लिए असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया था, उन सपनों को हमने कितना साकार किया और अब 2047 में स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को कैसा बनाना है। 1947 ने हमें राजनीतिक स्वतंत्रता दी थी, लेकिन 2047 का लक्ष्य हमें आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी, सामरिक और नैतिक रूप से आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत बनाने का है। स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ केवल विदेशी शासन से मुक्ति नहीं है। स्वतंत्रता तब सार्थक होगी, जब प्रत्येक नागरिक भय, अभाव, अशिक्षा, बेरोजगारी, भेदभाव और अवसरों की असमानता से मुक्त हो। जब व्यक्ति अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों को भी समझे, जब लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने और सरकार बनाने की प्रक्रिया न रहकर जनकल्याण का माध्यम बने, जब राजनीति में सेवा, सार्वजनिक जीवन में शुचिता और समाज में संवेदना प्रतिष्ठित हो। आजादी की पहली पीढ़ी ने देश को गुलामी से मुक्त किया था; आज की पीढ़ी को देश को निर्भरता, पिछड़ेपन और आत्महीनता से मुक्त करना है। पिछले वर्षों में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन दिखाई देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से बार-बार देश को आत्मनिर्भरता, नवाचार और युवाशक्ति का मंत्र दिया है। 2025 के स्वतंत्रता दिवस संबोधन में उन्होंने विशेष रूप से युवा वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, प्रतिभाशाली युवाओं और शोधकर्ताओं का आह्वान करते हुए पूछा कि भारत अपने लड़ाकू विमानों के लिए जेट इंजन स्वयं क्यों नहीं बना सकता। उन्होंने सेमीकंडक्टर से लेकर अंतरिक्ष, जैव-प्रौद्योगिकी और रक्षा तक भारतीय प्रतिभा को अपनी क्षमता के बल पर आगे बढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने युवाओं के विचारों को रोकने के बजाय उन्हें अवसर देने और उनके नवाचार को राष्ट्रनिर्माण से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। यह बदलाव केवल भाषणों तक सीमित नहीं है। आज छोटे शहरों, कस्बों और गांवों से निकलने वाली प्रतिभाएं स्टार्टअप, अंतरिक्ष, खेल, विज्ञान, डिजिटल तकनीक और विनिर्माण के क्षेत्र में नई पहचान बना रही हैं। प्रधानमंत्री ने लाल किले से यह भी रेखांकित किया है कि भारत के युवाओं ने देश को दुनिया के अग्रणी स्टार्टअप इकोसिस्टम में स्थान दिलाया है और अनेक छोटे शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों के युवा नई तकनीकी संभावनाओं को जन्म दे रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत इसी बदलती मानसिकता का परिणाम है। आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से कट जाना नहीं, बल्कि दुनिया के साथ बराबरी से खड़े होकर अपने सामर्थ्य के आधार पर प्रतिस्पर्धा करना है। भारत अब केवल आयात करने वाला विशाल बाजार नहीं रहना चाहता; वह निर्माण करने, नवाचार करने और दुनिया को निर्यात करने वाला देश बन रहा है। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मा, रक्षा उपकरण, अंतरिक्ष तकनीक और डिजिटल सेवाओं में भारत की क्षमता लगातार बढ़ी है। गैर-पेट्रोलियम वस्तुओं के निर्यात ने भी नए रिकॉर्ड बनाए हैं, जबकि सेवाओं के क्षेत्र में भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति लगातार मजबूत हुई है। आत्मनिर्भरता की सबसे प्रभावशाली तस्वीर रक्षा क्षेत्र में दिखाई देती है। कभी भारत विश्व के बड़े हथियार आयातकों में गिना जाता था, लेकिन अब स्वदेशी उत्पादन और रक्षा निर्यात दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के रक्षा निर्यात ने 38,424 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड स्तर हासिल किया, जो पिछले वर्ष के 23,622 करोड़ रुपये से 62.66 प्रतिशत अधिक है। यह परिवर्तन बताता है कि भारत अब केवल अपनी सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में आगे नहीं बढ़ रहा, बल्कि विश्व के देशों को रक्षा सामग्री उपलब्ध कराने की क्षमता भी अर्जित कर रहा है। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत ने गोला-बारूद, हथियार, उप-प्रणालियां, प्रणालियां और महत्वपूर्ण पुर्जे लगभग 80 देशों तक पहुंचाए हैं। 2013-14 में रक्षा निर्यात महज 686 करोड़ रुपये था, जो 2024-25 में 23,622 करोड़ रुपये तक पहुंच गयाकृअर्थात एक दशक में लगभग 34 गुना वृद्धि। यह 'मेक इन इंडिया' से 'मेक फॉर द वर्ल्ड' की यात्रा का सशक्त प्रमाण है। लेकिन आत्मनिर्भर भारत की असली परीक्षा केवल अर्थव्यवस्था और तकनीक में नहीं है। हमें ऐसा भारत बनाना है जो आत्मनिर्भर होने के साथ आत्मसंयमी भी हो, शक्तिशाली होने के साथ संवेदनशील भी हो और आधुनिक होने के साथ अपनी संस्कृति एवं नैतिक जड़ों से जुड़ा भी हो। महात्मा गांधी, भगवान महावीर और भगवान बुद्ध ने हमें बताया था कि विकास का अंतिम लक्ष्य मनुष्य की गरिमा और समाज में शांति है। यदि तकनीक बढ़ती जाए लेकिन मनुष्यता घटती जाए, यदि संपन्नता बढ़े लेकिन संवेदना कम हो जाए, यदि अधिकारों की मांग बढ़े लेकिन कर्तव्यबोध समाप्त हो जाए तो स्वतंत्रता अधूरी ही रहेगी। हमारे सामने आज भी गरीबी, बेरोजगारी, असमानता, भ्रष्टाचार, सामाजिक तनाव, हिंसा, पर्यावरण संकट और डिजिटल असमानता जैसी चुनौतियां हैं। इसलिए स्वतंत्रता दिवस केवल उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि कमियों को पहचानकर उन्हें दूर करने का संकल्प भी है। हमें ऐसी नागरिक संस्कृति विकसित करनी होगी जिसमें सत्य, शुचिता, सहिष्णुता, अनुशासन, परस्पर सम्मान और राष्ट्रहित सर्वोपरि हों। लोकतंत्र की मजबूती केवल संसद या सरकार से नहीं होती; वह नागरिक के चरित्र से होती है। लोकतंत्र को मजबूत संसद के साथ मजबूत समाज और जिम्मेदार नागरिक भी चाहिए। आज का भारत विश्व की युवा शक्ति का महत्वपूर्ण केंद्र है। 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य मूलतः युवाओं का लक्ष्य है, क्योंकि आज का युवा ही 2047 के भारत का नेतृत्व करेगा। प्रधानमंत्री ने 'विकसित भारत/2047 रू वॉइस ऑफ यूथ' पहल के माध्यम से युवाओं को केवल भविष्य के लाभार्थी नहीं, बल्कि परिवर्तन के एजेंट के रूप में सामने रखा है। इसीलिए 2026 के स्वतंत्रता दिवस अभियान का केंद्र भी युवाओं को एक मजबूत, आत्मनिर्भर, नवाचारी और भविष्य के लिए तैयार भारत के निर्माण से जोड़ना है। सरकारी 'माय भारत' पहल में युवाओं की भागीदारी को विशेष महत्व दिया गया है। 2047 की यात्रा में हमें युवाओं से केवल नौकरी पाने की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए; उन्हें रोजगार देने वाला, समस्या का समाधान खोजने वाला, नवाचार करने वाला और समाज का नेतृत्व करने वाला बनाना होगा। शिक्षा को डिग्री से कौशल, कौशल से रोजगार और रोजगार से उद्यमिता की ओर ले जाना होगा। गांव का युवा भी अंतरिक्ष में अवसर देखे, छोटे शहर की बेटी भी विज्ञान और तकनीक में विश्वस्तरीय पहचान बनाए, किसान का बेटा भी एग्रीटेक उद्यमी बने और सामान्य परिवार का युवा भी स्टार्टअप के माध्यम से हजारों लोगों के लिए रोजगार पैदा करेकृयही नए भारत की तस्वीर है। आजादी की पहली लड़ाई में युवाओं ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत को स्वतंत्र बनाया था। 2047 के भारत की लड़ाई में युवाओं को ज्ञान, नवाचार, चरित्र, परिश्रम और राष्ट्रभावना को अपना हथियार बनाना होगा। यदि 1947 की पीढ़ी ने पूछा थाकृ'भारत को आजाद कैसे कराएं?', तो आज की पीढ़ी को पूछना होगा-'भारत को दुनिया का विकसित, समर्थ, शांतिपूर्ण और नैतिक नेतृत्व करने वाला राष्ट्र कैसे बनाएं?'स्वतंत्रता की सार्थकता इसी प्रश्न के उत्तर में छिपी है। हमें ऐसा भारत बनाना है जहां विकास की चमक के साथ मानवीयता की रोशनी भी हो; जहां विज्ञान आगे बढ़े तो संस्कार भी साथ चलें; जहां अर्थव्यवस्था मजबूत हो तो समाज भी समरस हो; जहां भारत अपनी सुरक्षा के लिए किसी पर निर्भर न हो और विश्व की शांति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। आज जब तिरंगा लाल किले की प्राचीर पर लहराएगा, तब हमें केवल यह नहीं कहना चाहिए कि भारत स्वतंत्र है, बल्कि यह संकल्प भी लेना चाहिए कि हम इस स्वतंत्रता को अधिक सार्थक, अधिक जिम्मेदार और अधिक जनकल्याणकारी बनाएंगे। 2047 का विकसित भारत सरकार का अकेला सपना नहीं, 140 करोड़ भारतीयों का सामूहिक संकल्प होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने भी 2047 को नागरिकों के सपनों और संकल्पों से जोड़ते हुए स्पष्ट किया है कि विकसित भारत का निर्माण प्रत्येक भारतीय की भागीदारी से होगा। आजादी के अमृत से लेकर स्वतंत्रता के 80वें पड़ाव तक भारत ने लंबी यात्रा तय की है। अब अगला पड़ाव केवल आर्थिक शक्ति बनना नहीं, बल्कि विश्वास, विवेक, विज्ञान, संस्कार और सामर्थ्य से सम्पन्न भारत बनना है। शहीदों ने हमें स्वतंत्र भारत सौंपा था; अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम आने वाली पीढ़ी को एक ऐसा भारत सौंपें जिस पर उसे गर्व हो। 'यही स्वतंत्रता का नया आयाम है, यही 2047 की ओर बढ़ते भारत का संकल्प है और यही हमारे तिरंगे के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।'

# आजादी का उल्लास विभाजन की कसक



**आमिर खान की प्रोडशन कंपनी ने अभिनेता सनी देओल को लेकर 'बंटवारा 1947' नाम से फिल्म का निर्माण किया है। विभाजन का वह दौर, उसका दर्द और संघर्ष आज भी एक ऐसा विषय है, जो दर्शकों और फिल्मकारों को झकझोरता है। फिर से बड़े परदे पर उस दौर की भयावहता, विस्थापन की पीड़ा और मानवीय रिश्तों के टूटने-जुड़ने की दास्तान को नए दृष्टिकोण से पेश किया गया है। आजादी के बाद से अब तक अगर विभाजन के विषय पर बनी फिल्मों के सफर को देखें, तो भारतीय सिनेमा ने हर दशक में इस त्रासदी को अलग-अलग कोणों से बयां करने का प्रयास किया।**

देश के बंटवारे का दर्द हर भारतीय के दिल में हमेशा टीस बनकर उसे कचोटता है। इस विषय को फिल्मकारों ने बीते दशकों में कई तरह से फिल्माया और दर्शकों को उस दर्द को याद दिलाया। हाल ही में इस संवेदनशील और ऐतिहासिक विषय को लेकर एक बार फिर सिनेमा जगत में बड़ी हलचल हुई। आमिर खान की प्रोडक्शन कंपनी ने अभिनेता सनी देओल को लेकर 'बंटवारा 1947' नाम से फिल्म का निर्माण किया है। विभाजन का वह दौर, उसका दर्द और संघर्ष आज भी एक ऐसा विषय है, जो दर्शकों और फिल्मकारों को झकझोरता है। फिर से बड़े परदे पर उस दौर की भयावहता, विस्थापन की पीड़ा और मानवीय रिश्तों के टूटने-जुड़ने की दास्तान को नए दृष्टिकोण से पेश किया गया है। आजादी के बाद से अब तक अगर विभाजन के विषय पर बनी फिल्मों के सफर को देखें, तो भारतीय सिनेमा ने हर दशक में इस त्रासदी को अलग-अलग कोणों से बयां करने का प्रयास किया। शुरुआत यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म 'धर्मपुत्र' (1961) से हुई। आचार्य चतुरसेन के उपन्यास पर आधारित इस फिल्म में शशि कपूर और माला सिन्हा ने मुख्य भूमिकाएं निभाई। फिल्म बंटवारे के दौर में पनपे कट्टरपंथ और अपनी ही पहचान को लेकर उठते द्वंद्व पर प्रहार करती है। हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश देती है।इसके बाद वर्ष 1973 में आई फिल्म 'गर्म हवा' को विभाजन पर बनी भारतीय सिनेमा की सबसे प्रामाणिक, संवेदनशील और यथार्थवादी फिल्मों में गिना जाता है। निर्देशक एमएस सथ्यू के निर्देशन में बनी इस फिल्म में बलराज साहनी, फारूक शेख और गीता सिद्धार्थ ने अभिनय से छाप छोड़ी थी। लेखिका इस्मत चुगताई की कहानी और कैफी आजमी की पटकथा पर आधारित यह फिल्म आगरा के एक मुस्लिम व्यवसायी और उसके परिवार के संघर्ष की दास्तान है। फिल्म उन परिवारों की पीड़ा को उकेरती है, जिन्होंने विभाजन के बाद अपने वतन में ही रहने का फैसला किया। लेकिन, उन्हें हर कदम पर शक, बेगानेपन और आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा। अस्सी के दशक में दूरदर्शन के दौर में वर्ष 1987 में आया धारावाहिक 'तमस' न केवल एक टीवी के कार्यक्रम के रूप में बल्कि एक यादगार सिनेमेटिक अनुभव के रूप में इतिहास में दर्ज हुआ। गोविंद निहलानी निर्देशित और भीष्म साहनी के उपन्यास पर आधारित इस कृति में ओम पुरी, दीप्ति नवल, अमरीश पुरी और स्वयं भीष्म साहनी जैसे दिग्गज कलाकारों ने अभिनय किया था। 'तमस' धारावाहिक बंटवारे से ठीक पहले और उस दौरान भड़के सांप्रदायिक दंगों, राजनीतिक षड्यंत्रों और इन सबके बीच पिसते आम, बेकसूर लोगों की तबाही का खाका खींचता है। नब्बे के दशक के उत्तरार्ध में विभाजन के विषय पर कई महत्वपूर्ण साहित्यिक कृतियों को परदे पर उतारा गया। इस क्रम में वर्ष 1998 में निर्देशक पमेला रूक्स की फिल्म 'ट्रेन टू पाकिस्तान' आई, जो खुशवंत सिंह के उपन्यास पर आधारित थी। निर्मल पांडे, रजित कपूर, दिव्या दत्ता और स्मृति मिश्रा के अभिनय से सजी यह फिल्म भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित 'मनोमाजरा' नामक एक गांव की कहानी कहती है। यह दर्शाती है कि कैसे सीमा पार से लाशों से भरकर आने वाली ट्रेनों के खौफनाक मंजर ने उस गांव के भाईचारे को नफरत की आग में झोंक दिया था। 1998 में दीपा मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म '1947 अर्थ' रिलीज हुई, जो बीपसी सिधवा के उपन्यास 'क्रैकिंग इंडिया' पर आधारित थी। इस फिल्म में आमिर खान, नंदिता दास और राहुल खन्ना ने मुख्य भूमिकाएं निभाई। लाहौर की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म दिखाती है कि कैसे बंटवारे की सांप्रदायिक आग ने पुरानी दोस्तों की टोलियों, मासूम प्यार और इंसानी रिश्तों को जलाकर राख कर दिया। फिल्म में आमिर खान द्वारा निभाया गया 'दिल नवाज' (आइस-कैंडी मैन) का किरदार नफरत और जुनून के बदलाव को दर्शाता है। सदी के बदलाव के साथ वर्ष 2000 में फिल्म 'हे राम' आई। कमल हासन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में स्वयं कमल हासन के साथ शाहरुख खान, रानी मुखर्जी और नसीरुद्दीन शाह जैसे सितारे थे। विभाजन के दौरान फैली भयंकर हिंसा, नफरत और घटनाक्रमों के साथ-साथ महात्मा गांधी की हत्या के दौर को केंद्र में रखकर बनाई गई 2001 में आई फिल्म 'गदर : एक प्रेम कथा' ने विभाजन के विषय को एक नए कमर्शियल पैमाने पर दर्शकों के सामने रखा। अनिल शर्मा निर्देशित और सनी देओल, अमीषा पटेल तथा अमरीश पुरी अभिनीत यह फिल्म प्रेम कहानी के ताने-बाने पर बुनी गई थी, लेकिन इसकी शुरुआत में विभाजन के दौरान हुए दंगों, ट्रेनों में कत्लेआम और अपनों से बिछड़ते परिवारों की चीख-पुकार का जो चित्रण किया गया, उसने दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए। इस फिल्म की सफलता ने साबित किया कि विभाजन का दौर मुख्यधारा के सिनेमा में भी गहराई से अपील करता है।

# कलम के ओज से जगाई आज़ादी की अलख



भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन केवल मैदानों में लड़ी गई लड़ाइयों का इतिहास नहीं है, बल्कि यह कलम, विचार और शब्दों की भी एक विराट क्रांति थी। जब अंग्रेजी हुकूमत ने जनता की आवाज दबाने के लिए कठोर कानून बनाए, तब देश के अनेक पत्रकारों, लेखकों और क्रांतिकारियों ने लेखन को हथियार बना लिया। हरियाणा की धरती भी इस वैचारिक संघर्ष की साक्षी रही। यहां के अनेक स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारी पत्रकारों का साहित्य इतना राष्ट्रभक्तिपूर्ण व जनजागरण करने वाला था कि ब्रिटिश सरकार ने उसे प्रतिबंधित कर दिया। यह प्रतिबंध प्रमाण था कि उनकी कलम अंग्रेजों के लिए बड़ी चुनौती थी। हरियाणा के क्रांतिकारी साहित्यकारों में कामरेड मांगेराम वत्स का नाम उल्लेखनीय है। रोहतक के मांडौठी गांव में जन्मे स्वतंत्रता सेनानी मांगेराम ने भूमिगत पत्रकारिता को आजादी के संघर्ष का माध्यम बनाया। उनका संबंध शहीद भगत सिंह व चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों से था। अंग्रेज सरकार का प्रेस पर कड़ा नियंत्रण था। राष्ट्रवादी विचारों छापना राजद्रोह माना जाता था। फिर भी मांगेराम और उनके साथियों ने साइक्लोस्टाइल मशीनों, हस्तलिखित प्रतियों व गुप्त वितरण तंत्र के जरिये क्रांतिकारी साहित्य गांव-गांव पहुंचाया। उनके द्वारा प्रकाशित 'बोलसेविक' मजदूरों, किसानों व युवाओं में चेतना जगाता था।इसी तरह 'कीर्ति' और 'कीर्ति की गूंज' जैसे पत्रों ने क्रांतिकारी विचारधारा को व्यापक आधार दिया। इनमें छपे लेख ब्रिटिश साम्राज्यवाद की तीखी आलोचना करते। मांगेराम वत्स इनके मुख्य प्रकाशक थे। लाहौर से प्रकाशित 'लाल ढिंढोरा' भी उनके प्रयासों से हरियाणा तक पहुंचता था जो उग्र राष्ट्रवादी तेवरों के लिए प्रसिद्ध था। हिसार से प्रकाशित 'शिवाजी' समाचार पत्र के संपादन में भी मांगेराम वत्स की अहम भूमिका रही। यह पत्र स्वराज्य की भावना को स्वतंत्रता संघर्ष से जोड़ता था। दिल्ली से निकलने वाले 'ब्राह्मण कुमार' के माध्यम से भी उन्होंने सामाजिक चेतना और राष्ट्रवाद का प्रसार किया। बता दें, उन्होंने पंडित श्रीराम शर्मा के प्रसिद्ध पत्र 'हरियाणा तिलक' में सहायक संपादक के रूप में कार्य करते हुए ब्रिटिश विरोधी लेख लिखे, जिसने क्षेत्रीय राष्ट्रीय चेतना को दिशा दी।मांगेराम का योगदान केवल पत्रकारिता तक सीमित नहीं था। आजादी के बाद उन्होंने अपने संस्मरणों व ऐतिहासिक लेखन के जरिये हरियाणा के क्रांतिकारी आंदोलन का दस्तावेजीकरण किया। उनकी पुस्तक 'हरियाणा और क्रांतिकारी आंदोलन' शोधकर्ताओं के लिए अमूल्य स्रोत मानी जाती है। इसमें भूमिगत गतिविधियों, भगत सिंह से संबंधों व जेल के अनुभवों का चित्रण है। हरियाणा के प्रतिबंधित साहित्य की परंपरा में बाबू बालमुकुंद गुप्त का स्थान अत्यंत ऊंचा है। वे हिंदी पत्रकारिता के उन अग्रदूतों में थे जिन्होंने व्यंग्य को औपनिवेशिक सत्ता के विरुद्ध हथियार बनाया।




**मेष-** आज कामकाज की गति थोड़ी धीमी रह सकती है, लेकिन लगातार प्रयास से अच्छे परिणाम मिलेंगे। कारोबार में मेहनत का लाभ मिलेगा।

**वृषभ-** रचनात्मक कार्यों में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। कला, लेखन और प्रतिभा से जुड़े कार्यों में पहचान और सम्मान मिल सकता है।

**मिथुन-** मेहनत के अनुरूप परिणाम मिलने की संभावना है। महत्वपूर्ण कार्यों में एकाग्रता बनाए रखें। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों की अपेक्षाओं के कारण कुछ असहजता हो सकती है।

**कर्क-** भावनाओं के बजाय समझदारी से निर्णय लेना जरूरी होगा। कार्यक्षेत्र में दबाव बनाने के बजाय सहयोग और बातचीत का रास्ता अपनाएं। भाई-बहनों से बातचीत में संयम रखें।

**सिंह-** कारोबार और कामकाज में कुछ रुकावटें आ सकती हैं। किसी व्यक्ति के वादा पूरा न करने से आपकी योजना प्रभावित हो सकती है।

**कन्या-**दिन उत्साह और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का है। सुबह अच्छी खबर मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। लंबे समय से अटके काम में प्रगति के संकेत हैं।

**तुला-** जिम्मेदारियां अधिक रहने से काम समय पर पूरा करने में परेशानी हो सकती है। सहकर्मियों से अपेक्षित सहयोग न मिलने से तनाव बढ़ सकता है।

**वृश्चिक-**परिस्थितियों को अपने पक्ष में करने का अवसर मिलेगा। जटिल काम को रणनीति और समझदारी से पूरा करने में सफलता मिलेगी।

**धनु-** दिन की शुरुआत अच्छी खबर से हो सकती है। परिवार से जुड़ा समाचार मन प्रसन्न करेगा। संतान से बातचीत में कठोर शब्दों से बचें।

**मकर-** महत्वपूर्ण फैसले लेते समय भविष्य के परिणामों पर ध्यान दें। बदलती परिस्थितियों के अनुसार योजनाओं में बदलाव के लिए तैयार रहें।

**कुंभ-** किसी विशेष काम पर पूरा ध्यान केंद्रित करना लाभकारी रहेगा। लगातार मेहनत से सफलता मिल सकती है।

**मीन-** मेहनत और प्रतिभा के अनुरूप परिणाम मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में क्षमता की पहचान होगी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# एलपीजी ग्राहकों को बड़ी राहत: बायोमीट्रिक ई-केवाईसी की अंतिम तिथि बढ़ाकर 26 अगस्त की गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सचिन बाजपेई

**नई दिल्ली।** देशभर के एलपीजी (रसोई गैस) ग्राहकों के लिए राहत भरी खबर है। गैस कनेक्शन की अनिवार्य बायोमीट्रिक ई-केवाईसी (e-KYC) प्रक्रिया पूरी करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब ग्राहकों को यह प्रक्रिया 26 अगस्त तक पूरी करने का समय मिल गया है। पेट्रोलियम कंपनियों और संबंधित विभागों की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, पहले निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी बाकी रहने के कारण तिथि बढ़ाई गई है। यह कदम ग्राहकों को अतिरिक्त समय देने और प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा कराने के उद्देश्य से लिया गया है।



### क्यों जरूरी है बायोमीट्रिक ई-केवाईसी?

सरकार और तेल विपणन कंपनियों (इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम) ने घरेलू एलपीजी कनेक्शनों की वैधता सुनिश्चित करने और सब्सिडी का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए आधार आधारित बायोमीट्रिक ई-केवाईसी अनिवार्य की है। इससे फर्जी या डुप्लीकेट कनेक्शनों पर अंकुश लगेगा तथा सब्सिडी का दुरुपयोग रोका जा सकेगा।

### ई-केवाईसी नहीं कराने पर क्या होगा?

निर्धारित तिथि तक ई-केवाईसी पूरी न करने वाले ग्राहकों को घरेलू दर पर गैस सिलेंडर मिलने में कठिनाई हो सकती है। सब्सिडी का लाभ भी अस्थायी रूप से प्रभावित हो सकता है। हालांकि, कनेक्शन तुरंत रद्द नहीं किया जाएगा, लेकिन घरेलू कीमत पर सिलेंडर और सब्सिडी का लाभ ई-केवाईसी पूरी होने तक बाधित रह सकता है।

### ई-केवाईसी कैसे कराएं?

ग्राहक निम्नलिखित तरीकों से आसानी से प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं:

**घर बैठे ऐप के जरिए:** इंडेन गैस के लिए IndianOil ONE ऐप

भारत गैस के लिए Hello BPCL ऐप

एचपी गैस के लिए HP Pay ऐप

इन ऐप्स के साथ आधार फेस आरडी (Aadhaar FaceRD) ऐप डाउनलोड कर फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से ई-केवाईसी पूरी की जा सकती है। गैस एजेंसी या डिलीवरी व्यक्ति के माध्यम से: नजदीकी डिस्ट्रीब्यूटर के यहां जाकर या सिलेंडर डिलीवरी के समय बायोमीट्रिक सत्यापन करवाया जा सकता है।

**आम सेवा केंद्र (CSC) पर भी यह सुविधा उपलब्ध है।**

**ग्राहकों से अपील**

तेल कंपनियां लगातार ग्राहकों से अपील कर रही हैं कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर लें। जिन उपभोक्ताओं ने पहले ही ई-केवाईसी कर ली है, उन्हें दोबारा कराने की जरूरत नहीं है। यह विस्तारित समय-सीमा लाखों एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आई है। सभी संबंधित ग्राहकों से अनुरोध है कि वे 26 अगस्त से पहले अपनी ई-केवाईसी अवश्य पूरी कर लें, ताकि बिना किसी बाधा के घरेलू दर पर गैस सिलेंडर और सब्सिडी का लाभ मिलता रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय हिंदू युवा संगठन ने लगाया रक्तदान शिविर

## लखनऊ में युवाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान, सामाजिक सेवा का दिया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू युवा संगठन की ओर से जानकीपुरम स्थित सुलभ आवास सेक्टर-जे में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन आर एम एल आई एम एस स्थित लोहिया ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया। संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। आयोजकों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान प्रतिभागियों को रक्तदान के महत्व की जानकारी दी गई और युवाओं से सामाजिक सेवा के कार्यों में आगे आने का आह्वान किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश के वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को याद करने का अवसर है। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी राष्ट्रसेवा का हिस्सा है। रक्तदान के माध्यम से किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने में योगदान दिया जा सकता है। शिविर के आयोजन के साथ संगठन की लखनऊ और उत्तराखंड इकाइयों के पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई। लखनऊ जिला कमेटी में विकास पुरी को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विवेक सेठ और डॉ. अंकित मेहरोत्रा को जिला उपाध्यक्ष, डॉ. विवेक राठौर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का जिला उपाध्यक्ष, सुधीर श्रीवास्तव को जिला संगठन मंत्री तथा आशीष श्रीवास्तव को जिला महामंत्री बनाया गया। उत्तराखंड कमेटी में राहुल खत्री को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अजय सिंह को जिला उपाध्यक्ष और सुनील कुमार को जिला सहायक सचिव की जिम्मेदारी दी गई। संगठन की चिकित्सकीय एवं सहयोगी टीम में डॉ. पारुल को वरिष्ठ रेजिडेंट, डॉ. गरिमा को कनिष्ठ रेजिडेंट और शिखा को काउंसलर बनाया गया। इसके अलावा अनिल को लैब टेक्नीशियन, आदर्श को नर्सिंग अधिकारी, अमरदीप और दीपक को प्रशिक्षु तथा रामनाथ को लैब सहायक की जिम्मेदारी दी गई। आयोजकों ने बताया कि शिविर के आयोजन के लिए लोहिया ब्लड बैंक से पूर्व में अनुमति का अनुरोध किया गया था। शिविर जानकीपुरम में सरगम अपार्टमेंट गेट नंबर-2 के निकट आयोजित किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी रक्तदान, स्वास्थ्य जागरूकता और अन्य जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन मानव सेवा, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक सहयोग की भावना के साथ हुआ।



# श्रावण तीज पर भगवान के श्रीविग्रहों को झूलों में कराया गया विराजमान, उतारी आरती



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)।** श्रावण तीज के अवसर पर शनिवार को विभिन्न मंदिरों में भगवान के श्रीविग्रहों को झूलों में विराजमान कराया गया और उनकी आरती उतारी गई। सनातनी घरों में भी विशेष पूजा अर्चना कर पुष्पों-पत्रों से सुसज्जित झूलों में भगवान के श्रीविग्रह पधरवा कर उत्सव मनाया गया। रामलला मंदिर में श्रावण तीज से झूला महोत्सव का प्रारंभ हो गया जो पूरे एक पखवाड़े तक जारी रहेगा। शनिवार को श्रावण तीज से एक तरह से सनातन संस्कृति में पर्वों और त्योहारों का श्रीगणेश भी हो गया है। रामलला मंदिर, अवधबिहारी लाल मंदिर, द्वारिकाधीश मंदिर, सीतानाथ मंदिर, नृसिंह मंदिर, राम जानकी मंदिर, चतुर्भुज मंदिर (बड़ा मंदिर), मुरली मनोहर मंदिर, कल्याणराय मंदिर, बल्दाऊ मंदिर आदि में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों के बीच भगवान के श्रीविग्रहों को झूलों में विराजमान कराकर उनकी आरती उतारी गई और प्रसाद वितरित किया गया। हरियाली तीज को भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती के पुनर्मिलन और उनके शाश्वत प्रेम व सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है इसलिए बड़ी संख्या में महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर शिवालयों में आशुतोष भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना कर पति की लंबी आयु की कामना की। वहीं अविवाहित किशोरियों व युवतियों ने अच्छा वर मिलने की कामना के साथ पूजा अर्चना की। बड़ी माता, सिंह वाहिनी, हुल्का देवी, काली देवी, राजराजेश्वरी, कैला देवी, आनंदी माता, बोदरी माता, शीतला माता, नक्टी माता आदि मंदिरों में जाकर हलवा पूड़ी समर्पित कर घर में धन, धान्य, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। सनातनी घरों में भी झूले डाल कर भगवान के श्रीविग्रह पधरवाए गए।

# विहिप की दो दिवसीय प्रांत योजना बैठक में आगामी छह माह की कार्ययोजना पर मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** नगर के रामबाग स्थित सुरभि शोध संस्थान में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) काशी प्रांत की दो दिवसीय प्रांत योजना बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगठन की आगामी छह माह की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने परिवार व्यवस्था को मजबूत करने, सामाजिक जागरूकता बढ़ाने और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को जोड़ने पर जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए लखनऊ क्षेत्र के संगठन मंत्री गजेंद्र जी ने कहा कि भारतीय समाज की मूल शक्ति परिवार व्यवस्था है। इसे सुरक्षित और सुदृढ़ बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान चुनौतियों के संदर्भ में समाज और शासन, दोनों स्तरों पर गंभीरता से समाधान की दिशा में प्रयास होना चाहिए। परिवार प्रबोधन और पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण के लिए समाज में जागरूकता अभियान चलाने पर भी उन्होंने बल दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से हिंदू समाज को संगठित करने,




सनातन मूल्यों के संरक्षण तथा राष्ट्रीय हित से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। श्रद्धेय अशोक सिंघल की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर संगठन ने देशभर में एक करोड़ हित चिंतक बनाने का संकल्प लिया है। बैठक में स्थापना दिवस, दुर्गा अष्टमी और गीता जयंती सहित आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने और जागरूकता बढ़ाने की कार्ययोजना बनाई गई। इसके साथ ही संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जन्मशती के अवसर पर सामाजिक समरसता, समानता, आध्यात्मिक चेतना और मानव मर्यादा के उनके संदेश को समाज तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में संगठन की ओर से समाज के समक्ष मौजूद विभिन्न चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने सामाजिक एकता और जागरूकता के लिए लगातार अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। प्रांत योजना बैठक में काशी प्रांत के 22 जिलों से 300 से अधिक पदाधिकारी शामिल हुए। इनमें क्षेत्र सत्संग प्रमुख दिवाकर नाथ त्रिपाठी, प्रांत अध्यक्ष कविंद्र प्रताप सिंह, प्रांत संगठन मंत्री राजेंद्र जी, प्रांत मंत्री डॉ. राज नारायण सिंह, प्रांत उपाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, विद्या भूषण, कमला मिश्रा, विनोद अग्रवाल, प्रांत सह मंत्री सत्य प्रकाश सिंह, प्रभृति कांत, काशी प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख नरसिंह त्रिपाठी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका दिव्या सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा विभाग संगठन मंत्री अमित पाठक, वंशीधर चतुर्वेदी, दिनेश प्रकाश, अमित चतुर्वेदी, नारायण राठी, राजकुमार गुप्ता, अर्जुन मौर्या, अभिषेक बजरंगी, प्रवीण मौर्य और जगदीश गुप्त समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक के समापन सत्र में सूर्यकांत जालन (कानू भाई जी) का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस दौरान काशी प्रांत से चित्तौड़ प्रांत के संगठन मंत्री बनाए गए नितिन भारत का प्रांत के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। बैठक का समापन आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने और संगठन की योजनाओं को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने के संकल्प के साथ हुआ।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाभार्थियों को वितरित की गई विरासत खतौनियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तहसील पूरनपुर में राजस्व विभाग द्वारा जनसामान्य को त्वरित एवं पारदर्शी राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराने के क्रम में विरासत खतौनियों का वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में वालेकांत पुत्र स्वर्गीय कोमल प्रसाद, निवासी ग्राम दंदौल, तहसील पूरनपुर को उनकी माता लालमुनी पत्नी कोमल प्रसाद की मृत्यु उपरांत नियमानुसार दर्ज की गई विरासत के आधार पर तैयार खतौनी उपलब्ध कराई गई। इसी क्रम में ऊषा देवी पत्नी ईश्वरदयाल, निवासी ग्राम रामपुर, तहसील पूरनपुर को उनके पति ईश्वरदयाल पुत्र रामविलास की मृत्यु उपरांत नियमानुसार दर्ज की गई विरासत के आधार पर तैयार खतौनी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा कहा गया कि राजस्व अभिलेखों में विरासत संबंधी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है। पात्र लाभार्थियों को उनकी भूमि एवं राजस्व अभिलेखों से संबंधित दस्तावेज सुगमता से उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।



**आयोजित कार्यक्रम में वालेकांत पुत्र स्वर्गीय कोमल प्रसाद, निवासी ग्राम दंदौल, तहसील पूरनपुर को उनकी माता लालमुनी पत्नी कोमल प्रसाद की मृत्यु उपरांत नियमानुसार दर्ज की गई विरासत के आधार पर तैयार खतौनी उपलध कराई गई। इसी क्रम में ऊषा देवी पत्नी ईश्वरदयाल, निवासी ग्राम रामपुर, तहसील पूरनपुर को उनके पति ईश्वरदयाल पुत्र रामविलास की मृत्यु उपरांत नियमानुसार दर्ज की गई विरासत के आधार पर तैयार खतौनी उपलध कराई गई।**

# स्वतंत्रता दिवस पर स्कूली बच्चों एवं अध्यापकों ने गांव की गलियों व सड़कों पर घूमकर निकाली प्रभातफेरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों एवं अध्यापकों ने गांव की गलियों व सड़कों पर घूमकर प्रभातफेरी निकाली। स्कूलों में ध्वजारोहण के पश्चात बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। प्राथमिक विद्यालय खाता व कम्पोजिट विद्यालय अमरैयाकलां में ध्वजारोहण प्रधान सत्यपाल शर्मा ने किया। समारोह में शिक्षिका पारुल गुप्ता, राधाकृष्ण कुशवाहा, राजेश्वरी, पूनम, अवधेश कुमार, कंचनदेवी कुशवाहा, कपिल पांडेय, उमाशंकर, विजय सोनी, सुनीता, शालिनी, रितु आदि मौजूद रहे। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय भगवंतापुर, माधोटांडा नम्बर एक, केसरपुर, सुआबोझ, खैरपुर, शेरपुर कलां नम्बर दो, उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर, भगवंतापुर, माधोटांडा, सुआबोझ, कम्पोजिट विद्यालय रुद्रपुर, पिपरिया दुलई, रघुनाथपुर, गुरुनानक इंटर कालेज माधौपुर इटौरिया आदि स्कूलों में प्रभातफेरी निकालकर ध्वजारोहण हुआ और बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में शिक्षक सूर्यप्रकाश गंगवार, मुकेश बाबू, शुभम शुक्ला, अवनीश कुमार अवस्थी, प्रभुदयाल, विनीत कुमार, मो. फुरकान, वासुदेव यादव, ब्रजेश शुक्ला, रामसेवक, शेखर दीक्षित, मो. ताहिर खां, वीरपाल, कुलदीप सिंह, अमरीक सिंह, रामेश्वर दयाल, गुरिन्दर सिंह, आलोक अवस्थी, ऋषि सक्सेना आदि मौजूद रहे।



# आन बान शान से लहराया तिरंगा

## सरकारी व निजी संस्थानों समेत स्वयंसेवी संगठनों के कार्यालयों में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

